NNI
हर खबर पर पक्की नजर
मूल्यों और आदर्शों के कर्म पथ पर जनहित की आवाज
दैनिक हिन्दी समाचार पत्र
# न्यूज नेक्स्ट इण्डिया
सत्यता व निष्पक्षता का पंचम वर्ष
www.nnindianews.com
वर्ष : 05, अंक :-93, पृष्ठ : 12 | बुधवार, 08 अक्टूबर, 2025 | मूल्य- 03.00 रुपये मात्र



## जयपुर में 300 सिलेंडर से भरे ट्रक में धमाके

### नेशनल हाईवे पर केमिकल टैंकर ने मारी थी टक्कर

### 5 गाड़ियां जलीं, एक की मौत

जयपुर। अजमेर हाईवे मंगलवार देर रात धमाकों से गूंज उठा। दूदू क्षेत्र के मौखमपुरा के पास एक केमिकल टैंकर ने सड़क किनारे खड़े एलपीजी सिलेंडर से भरे ट्रक को टक्कर मार दी, जिसके बाद भीषण आग लग गई। देखते ही देखते आग सिलेंडरों तक पहुंच गई और लगातार दो घंटे तक करीब 200 सिलेंडर फटते रहे। धमाकों की आवाज 10 किलोमीटर दूर तक सुनाई दी, जबकि कुछ सिलेंडर 500 मीटर दूर खेतों में जा गिरे। हादसे में



टैंकर ड्राइवर जिंदा जल गया, जबकि ट्रक चालक बाल-बाल बचा। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार आरटीओ की गाड़ी देखकर घबराए टैंकर ड्राइवर ने वाहन को सड़क किनारे ढाबे में घुसाने की कोशिश की लेकिन सामने खड़े एलपीजी सिलेंडर से लदे ट्रक से टकरा गया।

टक्कर के साथ हुई स्पार्किंग के कारण आग लग गई और दोनों वाहन उसकी चपेट में आ गए। आग की लपटें इतनी तेज थीं कि पास खड़े चार-पांच अन्य ट्रक भी जलकर खाक हो गए। मौके पर पहुंची दमकल की 12 गाड़ियों ने करीब तीन घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया, लेकिन तब तक ट्रक और टैंकर पूरी तरह नष्ट हो चुके थे।

## आज आजम खान से मिलने रामपुर जाएंगे सपा सुप्रीमो अखिलेश यादव



**लखनऊ।** सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव आज पूर्व कैबिनेट मंत्री आजम खां से मिलने रामपुर जाएंगे। वे चार्टर प्लेन से बरेली के अमौसी एयरपोर्ट पर उतरेंगे। फिर वहां से कार से रामपुर जाएंगे। अखिलेश के कार्यक्रम के मद्देनजर जहां बरेली और रामपुर के पार्टी कार्यकताओं में विशेष उत्साह है, वहीं दोनों जिलों का प्रशासन भी पूरी तरह से चौकस है।

हाल ही में जेल से छूटने के बाद आजम खां के कहीं और ठिकाना ढूंढने की खबरें सुर्खियां बटोर रही थीं। माना जा रहा है कि अखिलेश के उनसे मिलने जाने के साथ ही इन चचाओं पर काफी हद तक विराम लग जाएगा। साथ ही अखिलेश यादव यह संदेश भी देना चाहते हैं कि सपा में आजम खां जैसे पार्टी संस्थापक सदस्यों का पूरा सम्मान है। पार्टी सूत्रों का कहना है कि इस मुलाकात से आजम खां के गिले-शिकवे भी दूर हो जाएंगे। यहां बता दें कि आजम खां के जेल से रिहा होने के दिन सपा का कोई बड़ा नेता उनसे मिलने नहीं गया था, इसको लेकर उन्होंने व्यंगात्मक अंदाज में कहा था कि अगर मैं बड़ा नेता होता तो मुझसे मिलने बड़े नेता आते। सूत्रों के मुताबिक, अखिलेश बरेली में पिछले दिनों पुलिस लाठीचार्ज की घटना और उसके बाद उपजी स्थिति पर भी स्थानीय कार्यकताओं व नेताओं से जानकारी लेंगे।

## पंजाबी गायक राजवीर जवंदा का निधन



**मोहाली।** पंजाबी गायक राजवीर जवंदा का इलाज के दौरान निधन हो गया है। बाइक एक्सीडेंट में घायल जवंदा मोहाली के फोर्टिस अस्पताल में एडवांस लाइफ सपोर्ट सिस्टम पर थे। 27 सितंबर को पंजाबी सिंगर जवंदा का पंचकूला के पिंजौर में बीएमडब्ल्यू बाइक से एक्सीडेंट हुआ था। पिंजौर-नालागढ़ रोड पर सेक्टर-30 टी पॉइंट के पास बाइक से आ रहे पंजाबी सिंगर राजवीर जवंदा सांडों की लड़ाई की वजह से हादसे का शिकार हो गए थे। सिंगर बद्दी से पिंजौर आ रहे थे। अचानक सांड आगे आने पर उनकी बाइक अनियंत्रित हुई और हाईवे पर गिर गए और गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे में राजवीर जवंदा को सिर और रीढ़ की हड्डी में गंभीर चोटें आई थीं। एक्सीडेंट के बाद से ही राजवीर लाइफ सपोर्ट पर थे।

### फतेहपुर में भीषण सड़क हादसा

## टायर फटने से स्कार्पियो खंदक में गिरी, चार लोगों की मौत

**फतेहपुर।** जिले में कानपुर-प्रयागराज नेशनल हाईवे पर बुधवार की सुबह भोर पहर एक भीषण सड़क हादसे में चार लोगों की पानी में डूबने से मौत हो गई। हादसा तब हुआ जब शादी समारोह से लौट रही एक स्कार्पियो अनियंत्रित होकर बड़ौरी ओवरब्रिज के पास पानी से भरे गहरे खंदक में जा गिरी।

हादसे में पानी में डूबने चार लोगों की मौत हो गई। पुलिस शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। जानकारी के अनुसार, प्रयागराज के सब्जी मंडी खुल्दाबाद से नौ लोग कानपुर के मोतीझील स्थित वाल्मीकि आश्रम में आयोजित सामूहिक शादी समारोह में शामिल होने गए थे। बुधवार सुबह वापस लौटते समय



बड़ौरी ओवरब्रिज के पास स्कार्पियो का टायर फट गया, जिससे गाड़ी अनियंत्रित होकर गहरे पानी भरे खंदक में जा घुसी। गाड़ी में पानी भर जाने के कारण चार लोगों की दम घुटने से मौके पर ही मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए पांच लोगों को सकुशल बाहर निकाल लिया।



# हिमाचल में बस पर गिरा पहाड़, 16 मौत

## बरसात के बाद पहाड़ी में आ गई थीं दरारें...आठ दिन पहले प्रशासन को चेताया था

**बिलासपुर।** बरठीं के भल्लू पुल के पास हुए भीषण हादसा से पूरे क्षेत्र हिला गया है। घटनास्थल पर मौजूद सूबेदार मेजर कुलवंत सिंह पटियाल ने बताया कि यह जगह पहले से ही अत्यधिक संवेदनशील थी। पहाड़ी से अकसर मिट्टी और पत्थर गिरते रहते थे, लेकिन विभाग ने इसे ब्लैक स्पॉट के रूप में चिह्नित करने या स्थायी सुरक्षा उपाय करने की कोई कोशिश नहीं की।

उनका कहना है कि भल्लू पुल का यह हिस्सा हमेशा से खतरे में बताया जा रहा था। बरसात के बाद पहाड़ी में दरारें पड़ गई थीं। ग्रामीणों ने कई बार विभाग को सूचित किया। आठ दिन पहले भी लोगों ने लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों से इस हिस्से में को मजबूत और सुरक्षित करने की मांग की थी। इसके बावजूद इसको लेकर कोई कदम नहीं उठाया गया। अब




हुआ हादसा उस अनदेखी का परिणाम है। मरोतन से घुमारवीं रूट पर दिन में संतोषी बस दो बार चलती थी। भल्लू पुल के इस हिस्से पर एक ओर कच्ची पहाड़ी है तो दूसरी ओर गहरी खड्ड।

**यात्रियों के पहाड़ी से नीचे खड्ड में गिरने की जताई थी आशंका**

यही कारण है कि हादसे के बाद प्रशासन ने यह आशंका भी जताई कि



कुछ यात्री पहाड़ी से नीचे खड्ड में गिर गए होंगे। खोज अभियान के दौरान जेसीबी मशीनों को नीचे तक उतारा गया, ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि कोई शव या व्यक्ति नीचे न दबा हो। यह बस रूट पर दिन में सुबह 7:30 बजे यह घुमारवीं बस अड्डे से चलकर सुन्हाणी, बरठीं, भड़ोली कलां, कलोल और जेजवीं होते हुए मरोतन पहुंचती थी।

**15 परिवारों की खुशियां छीनी**

दोपहर करीब 12:30 बजे वापस लौटती थी और फिर दोपहर एक बजे दूसरा फेरा लगाती थी। लगातार तीन दिनों से तेज बारिश ने पहाड़ी को कमजोर कर दिया था। इसके चलते मंगलवार को 15 परिवारों की खुशियां छीन लीं। हादसे के बाद पूरे क्षेत्र में मातम पसरा हुआ है। जिन घरों में सुबह लोग काम पर निकले थे, शाम तक वहां मातम छा गया था।

**लोगों ने बचाव कार्य में की मदद**

घटना के बाद आसपास के लोग मौके पर पहुंचे और अपनी जान की परवाह किए बिना राहत कार्य शुरू कर दिया। थोड़ी ही देर में पुलिस, प्रशासन और एनडीआरएफ की टीम भी मौके पर पहुंची। एनडीआरएफ की टीम ने रात करीब नौ बजे रेस्क्यू ऑपरेशन की कमान संभाली।

## यूपीः प्रदेश से मानसून हुआ विदा, सुबह और शाम हवा में घुली ठंड

**लखनऊ।** यूपी में मौसम बदल गया है। राजधानी में सुबह और शाम की हवा में ठंडक घुलने लगी है। बीते कुछ दिनों से पारे में उतार-चढ़ाव के बाद अब अंदाजा होने लगा है कि जल्द ही राजधानी में शरद ऋतु दस्तक देने वाली है। मंगलवार की शाम को हल्की ठंडी हवाएं चलीं और लोगों को हल्की सिहरन महसूस हुई। रात में ग्रामीण इलाकों में हल्की धुंध भी देखी जा रही है।

मौसम विभाग का कहना है कि बुधवार से अब राजधानी में बादलों की सक्रियता घटेगी और मौसम के आमतौर पर शुष्क रहने के संकेत हैं। बादलों की सक्रियता कम होने के बावजूद दिन छोटा होने से शाम से सुबह तक तापमान में गिरावट होगी। आंचलिक मौसम विज्ञान केंद्र के वरिष्ठ वैज्ञानिक अतुल कुमार सिंह का कहना है कि राजधानी लखनऊ में मानसून अपने आखिरी दौर में है। दो तीन दिनों में राजधानी से मानसून के वापसी की परिस्थितियां बन सकती हैं। इसके बाद पश्चिमी विक्षोभ की स्थिति में ही बारिश देखने को मिलेगी। मंगलवार को दिन का अधिकतम तापमान 1.3 डिग्री की गिरावट के साथ 31.8 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ। वहीं न्यूनतम तापमान 2.5 डिग्री लुढ़क कर 25.9 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया है। उत्तर प्रदेश में बीते कुछ दिनों से जारी बारिश का दौर अब थमने वाला है। मौसम विभाग के मुताबिक अब बुधवार से पश्चिमी यूपी में मौसम के शुष्क रहने के संकेत हैं। हालांकि पूर्वांचल के इलाकों में कहीं कहीं बूंदाबांदी देखने को मिल सकती है। कुल मिलाकर यूपी में अब मानसून विदाई की ओर है। इस बूंदाबांदी के दौर के बाद प्रदेश में अगले दो-तीन दिनों में रात के पारे में 2 से 3 डिग्री सेल्सियस की गिरावट की संभावना जताई गई है। मंगलवार को पश्चिमी यूपी और एनसीआर के कुछ जिलों में गरज चमक और तेज हवाओं के साथ बारिश हुई। संभल में सर्वाधिक 120 मिमी और मुजफ्फरनगर में 60 मिमी बारिश दर्ज की गई।

## वैष्णो देवी यात्राः कटड़ा में आज से खुलेंगे पंजीकरण कक्ष

**जम्मू।** मां वैष्णो देवी के दर्शन के लिए आने वाले श्रद्धालुओं के लिए राहत भरी खबर है। पिछले तीन दिनों से मौसम खराब होने और यात्रा अस्थायी रूप से स्थगित रहने के बाद बुधवार को श्राइन बोर्ड की तरफ से पंजीकरण कक्ष फिर से खोल दिए जाएंगे। सुबह से ही धर्मनगरी कटड़ा में श्रद्धालुओं की आवाजाही बढ़ गई है और वातावरण ह्लजय माता दीह्व के जयकारों से गूंज उठा है। मंगलबार सुबह धूप निकलने के बाद मौसम पूरी तरह साफ रहा। इसके चलते यात्रा बुधवार से आरंभ करने का निर्णय लिया गया। श्राइन बोर्ड अधिकारियों ने ट्वीट के माध्यम से बताया कि मौसम विभाग की रिपोर्ट के बाद सुरक्षा जांच पूरी कर ली गई है और अब श्रद्धालुओं को भवन की ओर प्रस्थान की अनुमति दी जा रही है। श्राइन बोर्ड ने श्रद्धालुओं से अपील की है कि वे यात्रा के दौरान सुरक्षा नियमों का पालन करें और मौसम की स्थिति पर नजर रखें। वहीं प्रशासन ने भी सभी मार्गो और पवित्र गुफा तक जाने वाले रास्तों की सफाई और मरम्मत का कार्य पूरा कर लिया है। यदि मौसम इसी तरह अनुकूल बना रहा तो आने वाले दिनों में श्रद्धालुओं की संख्या में उल्लेखनीय बढ़ोतरी होने की संभावना है।



## बर्फीले तूफान में फंसे सैकड़ों हाइकर्स की बची जान

**बीजिंग।** माउंट एवरेस्ट के चीन वाले हिस्से में बीते सप्ताह के अंत में आए बर्फीले तूफान के कारण फंसे लगभग 900 पर्वतारोहियों, गाइड और अन्य कर्मचारियों को सुरक्षित स्थान पर पहुंचाया गया है। सरकारी मीडिया ने इस बारे में जानकारी दी है। शनिवार रात इस इलाके में भयंकर तूफान आया था जिससे उन जगहों तक पहुंच बाधित हो गई थी जहां पर्वतारोही 4,900 मीटर से अधिक की ऊंचाई पर तंबुओं में ठहरे हुए थे।

बर्फीले तूफान की वजह से कुल 580 पर्वतारोही (हाइकर) और 300 से अधिक गाइड, याक चरवाहे और अन्य कर्मचारी फंस गए थे। सरकारी मीडिया ने स्थानीय प्रशासन के हवाले से बताया कि लगभग 350 पर्वतारोही सोमवार दोपहर तक नीचे उतर आए और बाकी मंगलवार तक नीचे आ गए। पर्वतारोहियों को बचाने के लिए लगातार रेस्क्यू ऑपरेशन चलाया जा रहा था।

## दिल्ली से चीन भेजी जा रही लाल चंदन की 10 टन सिल्लियां पकड़ीं

**नई दिल्ली।** दक्षिण-पूर्व जिले की एसटीएफ ने 10 टन लाल चंदन की लकड़ी जब्त कर दो तस्करों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के तार अंतरराष्ट्रीय नेटवर्क से जुड़े हैं। आरोपियों के कब्जे से जब्त की गई लकड़ियों की कीमत करीब छह करोड़ रुपये बताई जा रही है। पुलिस अधिकारियों के अनुसार चंदन की ये लकड़ियां चीन व अन्य देशों में भेजी जानी थी।

दक्षिण-पूर्व पुलिस उपायुक्त डॉ. हेमंत तिवारी ने एक प्रेस वार्ता में बताया कि चंदन की लकड़ी आंध्र प्रदेश के तिरुपति से तस्करी कर चीन और अन्य दक्षिण एशियाई देशों को भेजने के लिए लाई गई थी। बताया कि यह अभियान अगस्त में तिरुपति से चुराई गई लाल चंदन की लकडि?ं के बारे में आंध्र प्रदेश पुलिस द्वारा साझा की गई



खुफिया जानकारी के आधार पर शुरू किया गया था। डॉ. तिवारी ने बताया कि चोरी के संबंध में तिरुपति में एक प्राथमिकी दर्ज की गई थी। जांच के दौरान आंध्र प्रदेश पुलिस द्वारा गिरफ्तार किए गए कुछ आरोपियों ने खुलासा किया कि चोरी की गई लकडि?ं दिल्ली ले जाई गई हैं।

इस पर कार्रवाई करते हुए दिल्ली पुलिस के विशेष कार्य बल (एसटीएफ) और आंध्र प्रदेश खुफिया इकाई की टीम ने सोमवार को तुगलकाबाद स्थित एक गोदाम पर छापा मारा। इस दौरान करीब 9,500 किलोग्राम लाल चंदन की लकडि?ं बरामद की गईं और दो लोगों हैदराबाद के इरफान और मुंबई के ठाणे के अमित संपत पवार को गिरफ्तार कर लिया गया। उन्होंने बताया कि आरोपियों ने अगस्त के पहले हफ्ते में आंध्र प्रदेश से लाल चंदन की लकडि?ं हासिल कीं और उन्हें दिल्ली ले जाने के लिए ट्रकों में छिपा दिया। यह जब्ती दिल्ली में हुई लाल चंदन की सबसे बड़ी बरामदगी में से एक है। आरोपियों ने इस खेप को विदेशी बाजारों विशेष रूप से चीन और दक्षिण एशियाई देशों में भेजने की योजना बनाई थी। वहां लाल चंदन की लकड़ी औषधीय और वाणिज्यिक मूल्य के कारण बहुत ऊंची कीमत पर मिलती है। पुलिस उपायुक्त ने बताया कि आरोपियों ने कबूल किया कि वे आंध्र प्रदेश के वन क्षेत्रों से लाल चंदन की लकड़ियां लाते थे और उन्हें ट्रकों में छिपाकर ले जाते थे।

स्वामी वीरेन अग्रवाल प्रकाशक विवेक खंडेलवाल मुद्रक इम्प्रेशन प्रिंटिंग एवं पैकेजिंग लिमिटेड, सिकंदरा रोड, गुरु का ताल, आगरा से मुद्रित एवं बृज वैलबिल्ट प्राइवेट लिमिटेड, फ्लैट 302 तीसरी मंजिल ब्लॉक E /11/8 संजय प्लेस आगरा से प्रकाशित। **RNI Registration No., UPHIN/2021/88376। प्रधान संपादक अरविन्द सिंह। चेयरमैन-स्वतंत्र कुमार। प्रबंध निदेशक ब्रजेश सिकरवार।** E MAIL newsnextindia1@gmail.com, Website:-www.nnindianews.com
(प्रधान संपादक इस अंक में समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी आर बी एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी है )

NNI
हर खबर पर पक्की नजर
मूल्यों और आदर्शों के कर्म पथ पर जनहित की आवाज
दैनिक हिन्दी समाचार पत्र
न्यूज नेक्स्ट इण्डिया
आगरा ब्रज
www.nnindianews.com
बुधवार, 08 अक्टूबर, 2025


# दो करोड़ की लूट में दो सिपाही भी शामिल

## एक गिरफ्तार, दूसरे ने किया सरेंडर; मास्टरमाइंड का हुआ था एनकाउंटर

एनएनआई

**फिरोजाबाद।** थाना मक्खनपुर क्षेत्र में 30 सितंबर 2025 को गुजरात की वित्तीय प्रबंधन कंपनी जीके के कर्मियों से हुई 2 करोड़ रुपये की सनसनीखेज लूट के मामले में आगरा में तैनात दो सिपाही भी शामिल थे। इनमें से एक आगरा जीआरपी में मुख्य आरक्षी अंकुर प्रताप सिंह है, जो अलीगढ़ के हरदुआगंज का रहने वाला है। इसके पिता बदमाशों से मुठभेड़ में शहीद हुए थे। उसे पुलिस ने मंगलवार को गिरफ्तार कर दिया। वहीं, दूसरा आगरा पुलिस लाइन में तैनात मनोज कुमार है, जो मक्खनपुर (फिरोजाबाद) में रहता है। उसके पिता भी पुलिसकर्मी थे। मनोज ने देर रात शिकोहाबाद थाने में सरेंडर किया और रकम बरामद कराई।

एसएसपी सौरभ दीक्षित ने बताया कि एनकाउंटर में ढेर हो चुके दुर्दांत लुटेरे नरेश उर्फ पंकज पंडित निवासी अरनी, खैर, अलीगढ़ के गिरोह में शामिल गिरफ्तार लुटेरे मोनू उर्फ मिलाप निवासी गढबढ जैतपुर, आगरा के संपर्क में सिपाही मनोज कुमार था। दरअसल, मोनू को ट्रांसयमुना थाने में तैनाती के दौरान मनोज कुमार ने जेल भिजवाने में भूमिका निभाई थी। तभी से अपराधी मोनू और सिपाही मनोज संपर्क में आ गए।

मोनू और एनकाउंटर से पहले हुई पूछताछ में नरेश ने इन दोनों सिपाहियों के नाम लिए थे। बताया था कि दोनों से डेढ़ माह पहले आगरा में मुलाकात की थी। लूट की प्लानिंग बताई थी। तय किया था कि वह उनकी मदद करेंगे और लूट के बाद पुलिस की गतिविधियों की जानकारी देंगे। 30 सितंबर को लूटकांड के बाद दोनों सिपाहियों ने बदमाशों से नई दिल्ली जाकर मुलाकात की और तय पांच-पांच लाख रुपये मदद की एवज में ले लिए थे। अंकुर प्रताप सिंह को श्याम फैमिली ढाबा, रूपसपुर के पास से गिरफ्तार किया गया। उसके पास से पांच लाख रुपये बरामद हुए हैं। दूसरा सिपाही, मनोज कुमार फरार देर रात पुलिस के सामने हाजिर हो गया। गिरफ्तार सिपाही अंकुर प्रताप सिंह डेढ़ महीने पहले तक थाना ट्रांस यमुना में तैनात था और हाल ही में रिलीव होकर जीआरपी में चला गया था। फरार सिपाही मनोज कुमार भी पहले थाने की एसओजी में तैनात था और एक महीने पहले एक महिला के छत से गिरने के मामले में निलंबित भी हुआ था। बाद में बहाली के बाद वह पुलिस लाइन में तैनात था। बताया गया है कि दोनों एक ही किराए के कमरे में साथ-साथ रहते थे।



अंकुर प्रताप सिंह मूलरूप से अलीगढ़ के हरदुआगंज थाना क्षेत्र के खैर आलमपुर का रहने वाला था। उसके पिता गिरीश पाल सिंह आगरा में एसओजी में तैनात थे। वर्ष 2000 के करीब बदमाश गिरोह से हुई मुठभेड़ में वह शहीद हो गए थे। उस वक्त अंकुर नाबालिग था। वर्ष 2011 में उसे पिता की शाहदत के बदले पुलिस महकमे में मृतक आश्रित कोटे से सिपाही के पद पर नौकरी मिली थी। गिरीश पाल सिंह को नाम आज भी आगरा पुलिस के रिकॉर्ड में स्वर्ण अक्षरों में दर्ज है। उन्होंने दुर्दांत अपराधी जानकी का एनकाउंटर करने वाली टीम में सक्रिय भूमिका निभाई थी। पिता ने जहां, अपराध के खात्मे के लिए अपनी जान दे दी, वहीं बेटे अंकुर ने अपराधियों से हाथ मिलाकर खाकी पर ही कलंक लगा दिया।

**साइबर अपराधी मोनू ने कराई थी नरेश से सिपाहियों की मुलाकात**

ट्रांसयमुना थाने में सिपाही मनोज और अंकुर प्रताप सिंह की एक साथ तैनाती थी। बीते वर्ष अपराधी मोनू को इन्होंने जेल भेजने में भूमिका निभाई थी। तभी से मोनू इनके संपर्क में आ गया। मोनू के जेल से छूटकर आने के बाद दोनों सिपाही उसके साथ अय्याशी करते थे। साइबर अपराधी मोनू को जब दुर्दांत नरेश ने दो करोड़ की लूट की योजना में शामिल किया तो मोनू ने ही नरेश के सामने पुलिस के किसी व्यक्ति को भी वारदात में शामिल करने का प्रस्ताव दिया था, ताकि लूटकांड के बाद पुलिस की प्रत्येक गतिविधि की जानकारी मिल सके और गैंग उसी अनुसार खुद को सुरक्षित कर सके। इसी क्रम में डेढ़ माह पहले नरेश ने सिपाही अंकुर और मनोज से आगरा में उनके किराए के कमरे पर ही मुलाकात की थी। मोनू के द्वारा जब पुलिस को बताया गया कि इस वारदात में उनके साथ आगरा के दो सिपाही भी शामिल हैं, तो पुलिस को उसकी बात पर सहज ही भरोसा नहीं हुआ। पुलिस ने इसीलिए इनके नामों को भी उजागर नहीं किया था। एसएसपी के निर्देश पर पुलिस की एक टीम अपराधियों के मोबाइल नंबरों की सीडीआर, लोकेशन लेने के साथ ही सिपाही मनोज और अंकुर के मोबाइल नंबरों की सीडीआर भी खंगालने लगी। इससे पुख्ता हुआ कि मोनू, नरेश की बातचीत सिपाहियों से होती थी। वारदात वाले दिन और उसके बाद भी इनकी आपस में बातचीत के सुराग मिले। इसके अलावा 30 सितंबर को इनकी मोबाइल लोकेशन नई दिल्ली भी पाई गई। वहीं, सीसीटीवी फुटेज, किराए का जहां कमरा है, वहां आसपास रहने वाले लोगों से जानकारी व इनके सहकर्मियों से जानकारी के आधार पर पुलिस ने पूरी जानकारी जुटाई। जब पुलिस के सामने सटीक साक्ष्य आ गए तो एसएसपी ने अंकुर प्रताप सिंह को दबोच लिया।

**गिरफ्तारी की भनक लगते ही फरार हुआ मनोज, देर रात किया सरेंडर**

अपनी गिरफ्तारी की भनक लगते ही सिपाही मनोज दिन में फरार हो गया। मंगलवार दोपहर बाद तक पुलिस की कई टीम उसकी तलाश में जुटी रहीं। उसके घर, रिश्तेदारों के यहां भी पता किया। मगर, कोई सुराग नहीं मिला। देर शाम एक चर्चा उठी कि सिपाही मनोज ने सरेंडर कर दिया है। देर रात को मनोज कुमार ने शिकोहाबाद थाने में सरेंडर किया और अपराधियों से ली गई पांच लाख रुपये की रकम भी पुलिस को सौंपी।

# पत्नी की हत्या में पति को आजीवन कारावास

### 2019 में हुई थी घटना, खेत में छिपाया था शव

**फिरोजाबाद** एनएनआई। अवैध संबंध के शक में पत्नी की हत्या के दोषी पति को न्यायालय ने आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। यह घटना 20 अगस्त 2019 को लाइनपार थाना क्षेत्र में हुई थी। दोषी ने हत्या के बाद शव को पहले भूसे के ढेर में और फिर बाजरे के खेत में छिपा दिया था। इस मामले में ओमकार ने लाइनपार थाने में प्राथमिकी दर्ज कराई थी। उन्होंने बताया था कि उनकी भतीजी मलूकी उर्फ ममता की शादी 2005 में गुदाऊ, लाइनपार निवासी पुष्पेंद्र उर्फ पप्पू से हुई थी। 20 अगस्त 2019 को पुष्पेंद्र और उसके पिता ने ममता की हत्या कर दी थी। हत्या के बाद शव को पहले भूसे में और फिर बाजरे के खेत में छिपाया गया था। विवेचक ने जांच के उपरांत पुष्पेंद्र के खिलाफ न्यायालय में आरोप पत्र दाखिल किया।

मामले की सुनवाई अपर सत्र न्यायाधीश कोर्ट संख्या दो के न्यायाधीश सर्वेश कुमार पांडेय की अदालत में हुई। अभियोजन पक्ष की ओर से एडीजीसी अवधेश कुमार शर्मा ने पैरवी की। न्यायालय ने पति पुष्पेंद्र को दोषी करार दिया। पुष्पेंद्र को हत्या के आरोप में आजीवन कारावास और 50 हजार रुपये के अर्थदंड से दंडित किया गया है। अर्थदंड जमा न करने पर उसे एक वर्ष का अतिरिक्त कारावास भुगतना होगा। इसके अतिरिक्त, साक्ष्य छिपाने के आरोप में पांच वर्ष का कारावास और 10 हजार रुपये का अर्थदंड भी लगाया गया है।

# मथुरा में डिवाइडर से टकराकर पलटी ट्रैवलर

### चालक की मौके पर ही मौत; 22 लोग घायल

एनएनआई

**आगरा।** मथुरा जा रहे पश्चिम बंगाल के पर्यटकों का वाहन (टूरिस्ट ट्रेवलर) हाईवे पर फरह के नजदीक डिवाइडर पर लगे विद्युत पोल से टकरा गया। टक्कर इतनी तेज थी कि चालक की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि गाड़ी में सवार 22 पर्यटक जख्मी हो गए। हादसे के बाद चीखपुकार मच गई। पुलिस ने घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया। हाईवे पर करीब एक घंटे तक जाम लगा रहा।

पश्चिम बंगाल के हुबली जिले के पर्यटक दो दिन पहले मथुरा-वृंदावन में मंदिरों के दर्शन करने के लिए आए थे। यह सभी वृंदावन के गौतमपाड़ा स्थित गेस्ट हाउस में रुके थे। मंगलवार सुबह 6 बजे सभी लोग ट्रेवलर गाड़ी से आगरा ताजमहल देखने गए थे। दोपहर जब सभी लौट रहे थे। फरह के नजदीक फतिहा रेलवे पुल पर गाड़ी डिवाइडर पर



चढ़कर बिजली के पोल से टकराने के बाद दूसरी साइड में घुस गई।

हादसे में वृंदावन के किशोरपुरा के रहने वाले चालक सतीशचंद (45) की मौके पर मौत हो गई। वहीं सवारियां घायल हो गईं। हादसे के बाद चीखपुकार मच गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने घायलों को फरह के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया। जहां सभी घायलों को प्राथमिक उपचार दिया गया। फरह के चिकित्सा अधीक्षक डॉ. रामवीर ने बताया कि ज्यादातर मरीजों के सिर, नाक, गले, और हाथ पैरों में चोटें आई थीं। सभी घायलों को प्राथमिक उपचार दिया गया। सूचना पर एसडीएम सदर अभिनव जे जैन भी मौके पर पहुंचे। उन्होंने घायलों से बातचीत की। एसडीएम ने बताया कि कुछ गंभीर मरीजों को सिटी हॉस्पीटल, मथुरा और आगरा के एसएन मेडिकल कॉलेज में रेफर कर किया गया है। सभी घायलों के उपचार की व्यवस्था की गई है।

# हाथरस में पूर्व बार अध्यक्ष से साइबर ठगी का प्रयास

**हाथरस** एनएनआई। जिला बार एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष अजय कुमार भारद्वाज से साइबर ठग ने पुलिस अधिकारी बनकर ऑनलाइन ठगी का प्रयास किया है। ठग ने खुद को पुलिस उपनिरीक्षक बताकर उनसे एक लाख रुपए की मांग की। इस संबंध में साइबर अपराध थाने में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।भारद्वाज ने अपनी तहरीर में बताया कि उन्हें एक अज्ञात नंबर से कॉल आई थी।

कॉल करने वाले ने खुद को सब इंस्पेक्टर संजय शर्मा बताया और कहा कि उनके खिलाफ सोशल मीडिया पर एक शिकायत दर्ज हुई है। इस शिकायत को खत्म कराने के लिए एक लाख रुपए देने होंगे। इसके बाद 2 अक्टूबर को उन्हें फिर से एक कॉल आई, जिसमें धमकी देते हुए रुपयों की मांग दोहराई गई। ठग ने व्हाट्सएप पर पुलिस की वर्दी में अपनी तस्वीरें भी भेजी हैं और लगातार उन्हें परेशान कर रहा है। साइबर अपराध थाना प्रभारी आशीष शर्मा ने बताया कि मामले की गंभीरता को देखते हुए कॉल डिटेल्स और व्हाट्सएप चैट की तकनीकी जांच की जा रही है। पुलिस आरोपी तक पहुंचने का प्रयास कर रही है।

NNI हर खबर पर पक्की नज़र

# झकझोर गया उटंगन नदी हादसा

## 125 घंटे लगे, तब निकाली गईं 12 लाशें, डटा रहा प्रशासन

एनएनआई

**आगरा।** आगरा में दशहरे पर उटंगन नदी में डूबे 12 युवकों को निकालने के लिए एनडीआरएफ, सेना, पीएसी, गोताखोरों और प्रशासन ने मैदानी क्षेत्र की नदी में देश का सबसे लंबा बचाव अभियान चलाया, जो 125 घंटों तक चला। बृहस्पतिवार की दोपहर एक बजे दुर्गा मूर्ति विसर्जन के दौरान कुसियापुर गांव के 12 युवक डूब गए थे, जिनके शव मंगलवार शाम 6:10 बजे तक निकाले जा सके। इस अभियान में 400 से ज्यादा लोग दिन रात बिना रुके, बिना थके जुटे रहे।

प्रशासन के साथ ग्रामीणों ने कंधे से कंधा मिलाकर युवकों के शव निकालने के काम को अंजाम दिया। बृहस्पतिवार दोपहर एक बजे दुर्घटना हुई, जिसमें पहले दिन विष्णु को बचाने के साथ नदी में डूबे 12 युवकों की तलाश शुरू की गई। दूसरे दिन तक पांच युवकों के शव निकाले गए। तीसरे दिन बाकी सात की तलाश हुई, लेकिन सफलता नहीं मिली। राजस्थान सरकार ने पानी छोड़ दिया, जिससे बांध बह गया। चौथे दिन एक युवक करन का शव मिला। पांचवें दिन दो युवकों ओकेश और वीनेश के शव मिले, जबकि छठवें दिन चार युवकों के शव मिलने के साथ ही अभियान समाप्त कर दिया गया।

खेरागढ़ स्थित उटंगन नदी में 2 अक्तूबर से चल रहा सेना और एनडीआरएफ का तलाशी अभियान खत्म हो गया। मूर्ति विसर्जन के दौरान नदी में डूबे कुसियापुर गांव के बाकी चार लोगों के शव भी मंगलवार को निकाल लिए गए। नदी में डूबे 12 लोगों के शव निकालने में छह दिन लग गए। चार शव मिलने के बाद मृतकों के परिवारों समेत पूरे गांव में कोहराम मच गया। डूबने वालों में से सिर्फ एक युवक को ही सुरक्षित निकाला जा सका था।

**डूब गए थे 13 युवक**

2 अक्तूबर को दशहरा के दिन गांव कुसियापुर के लोग दुर्गा मूर्ति विसर्जन के लिए उटंगन नदी के तट पर पहुंचे थे। विसर्जन के लिए बनाए गए कुंड से 300 मीटर दूर मरघट के किनारे पहुंच गए थे। नदी में खनन के कारण हुए गड्ढे में गिरने से 13 युवक डूब गए थे। इनमें से विष्णु को तत्काल बचा लिया गया था। बाकी लापता लोगों की तलाश में अभियान शुरू किया गया था। घटना के बाद से ही एसडीआरएफ, एनडीआरएफ और सेना के स्कूबा डाइवर्स की स्पेशल टीम सभी युवकों को पानी से निकालने के प्रयास में लगी हुई थी। सभी 12 लोग 25 फीट गहरे गड्ढे में फंसे थे। एक-एक कर सोमवार तक आठ लोगों के शव निकाले गए थे।

### एनडीआरएफ, सेना, पीएसी, गोताखोरों और प्रशासन ने चलाया सबसे लंबा बचाव अभियान





### तीन कंप्रेसर मशीनों की ली गई मदद

मंगलवार को बाकी चार लोगों की तलाश के लिए सुबह से अभियान शुरू हुआ। तीन कंप्रेसर मशीनों की मदद से नदी में बने गड्ढे के अंदर से मिट्टी को हवा के द्वारा हटाने का काम किया गया। सुबह 10:35 बजे सचिन (26) का शव बरामद हुआ। दोपहर में 12:10 बजे दीपक (15) का शव मिला। इसके तीन घंटे बाद गजेंद्र (17) का शव निकालने में स्कूबा डाइवर्स सफल हुए और अंत में शाम करीब छह बजे हरेश (20) का शव निकाला गया। वह गहरे गड्ढे में सबसे नीचे मिट्टी में दबा हुआ था।

### चीखें, सिसकियां और मातम...अंतिम दिन जलीं चार चिताएं





खेरागढ़ के गांव कुसियापुर में चामड़ माता के मंदिर पर दुर्गा प्रतिमा स्थापना के बाद हंसी खुशी के माहौल पर विसर्जन के दिन हुए हादसे ने परिवारों को दर्द दिया। किसी के घर का चिराग बुझ गया तो किसी की मांग का सिंदूर उजड़ गया। बच्चों के सिर से पिता का साया उठ गया। एक सप्ताह पहले तक जहां मंगलगीत गज रहे थे, वहां पर अब करुण क्रंदन ही सुनाई दे रहा है। गांव के हर घर में लोगों की आंखों में आंसू हैं। हादसे के बाद जिसने भी सर्च ऑपरेशन को देखा वह परिवारों का हाल देखकर रोता नजर आया।

## वैधानिक सूचना

सुधि पाठकों से आग्रह है कि इस समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन में दिए गये तथ्यों, शर्तों और दावों के प्रति विज्ञापन दाता खुद ही जिम्मेदार है, पाठकों से आग्रह है कि वह प्रकाशित विज्ञापन से प्रभावित होकर कोई कदम उठाने से पहले अपने स्तर पर भी स्वयं के संतुष्ट होने तक संपूर्ण व्यावहानिक जानकारी कर लें। किसी भी विज्ञापन से पाठकगण को कोई असुविधा या परेशानी होती है तो न्यूज नेक्स्ट इंडिया के मुद्रक, प्रकाशक या संपादक की कोई जवाबदेही नहीं होगी।

- प्रबंधक विज्ञापन

समाचार पत्र में छपे किसी भी लेख के लिए प्रधान संपादक उत्तरदायी नहीं है। प्रकाशित विभिन्न रचनाओं के लिए लेखक स्वयं उत्तरदायी है। समाचार पत्र में प्रकाशित सामिग्री / विज्ञापन आदि से प्रधान संपादक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है। किसी भी प्रकार के विवाद की स्थिति में न्याय क्षेत्र सिर्फ आगरा होगा।

## टोरेंट पावर का स्क्रैप चोरी कर कबाड़ में बेचा जा रहा था

- सुपरवाइजर सहित कई पर आरोप
- ट्रांस यमुना पुलिस मामले की जांच में जुटी

एनएनआई

**आगरा।** ट्रांस यमुना क्षेत्र में टोरेंट पावर के स्क्रैप चोरी का मामला सामने आया है। कंपनी के अधिकारियों ने कम्पनी के सुपरवाइजर और उसके साथियों पर चोरी कर स्क्रैप बेचने का आरोप लगाते हुए तहरीर दी है।

टोरेंट पावर के मैनेजर अमित कुमार त्रिवेदी द्वारा दी गई तहरीर के अनुसार 1 अक्टूबर को कंपनी के कर्मचारी अंकित वाजपेयी को सूचना मिली कि कालिंदी विहार स्थित सौ फुटा रोड पर सेंट स्टीफन स्कूल के सामने एक कबाड़ी की दुकान पर कुछ लोग टोरेंट पावर का स्क्रैप सामान बेच रहे हैं। अंकित वाजपेयी पुलिस को सूचना देकर क्यूआरटी टीम के साथ मौके पर पहुंचे। जहां कबाड़ी की दुकान पर टोरेंट पावर का स्क्रैप मिला। पूछताछ में कबाड़ी ने बताया कि यह सामान आरजी इलेक्ट्रिकल्स के सुपरवाइजर पवन कुमार कौशिक और उसके साथी बेचने आए थे। कबाड़ी ने बताया कि ये लोग हर एक-दो महीने में सामान बेचने आते हैं। दुकान पर लगे सीसीटीवी कैमरों में भी संबंधित लोगों की गतिविधियां दर्ज हैं। जांच में पाया गया कि लगभग 167 किलो स्क्रैप बेचा गया था।

पूछताछ में पवन कुमार कौशिक और उसके साथियों ने भी स्क्रैप बेचना कबूल किया। थानाध्यक्ष रोहित कुमार ने बताया कि मैनेजर द्वारा दी गई तहरीर के आधार पर मुकदमा पंजीकृत कर मामले की जांच की जा रही है।

## विकास खंडों और तहसीलों में मनाई वाल्मीकि जयंती

**आगरा** एनएनआई। जनपद में शासन के निदेर्शानुसार जिलाधिकारी अरविन्द मल्लप्पा बंगारी के कुशल मार्गदर्शन में जनपद में हर्षोल्लास एवं श्रद्धा के माहौल में आदि कवि महर्षि बाल्मीकि जी की जयन्ती भव्य रूप से मनायी गयी, जिसमें जनपद के सभी देव मन्दिरों पर अखण्ड रामायण का पाठ, सुन्दर काण्ड का गायन, भजन कीर्तन तथा शोभा यात्रा निकाली गई तथा कवि महर्षि बाल्मीकि जी के चित्र पर माल्यार्पण एवं श्रद्धा सुमन अर्पित कर पूजा अर्चना की गई।

महर्षि बाल्मीकि जी की जयन्ती के शुभ अवसर पर ग्राम पंचायत पोइया के मजरा पीली पोखर स्थित पंचमुखी हनुमान मंदिर में महर्षि बाल्मीकि जी के चित्र पर माल्यार्पण कर मंत्रोच्चार कर एवं श्रद्धा सुमन अर्पित कर पूजा अर्चन किया गया तथा अखंड रामायण का पाठ का आयोजन किया गया।

## एकता थाने के पहले इंचार्ज बने हंसराज भदौरिया

**आगरा** एनएनआई। पुलिस कमिश्नरेट आगरा में थानों की संख्या बढ़ कर 49 हो गई है। ताजगंज थाने की एकता चौकी को नया थाना बनाया गया है। इसके चलते नगर जोन में 22 थाने हो गए हैं। जबकि 27 थाने पूर्वी और पश्चिमी जोन को मिलाकर हैं। फिलहाल एकता थाने में पहली तैनाती इंस्पेक्टर हंसराज भदौरिया की गई है। वह थाना खंदौली में तैनात थे। वहां से उन्हें शहर के थाने का प्रभार दिया गया है। उनके स्थान पर पुलिस लाइन से इंस्पेक्टर राजेंद्र प्रसाद को खंदौली में तैनाती मिली है। पुलिस आयुक्त दीपक ने बताया कि जनपद आगरा की जनसंख्या तकरीबन 55 लाख के आसपास है। शहर की बात करें तो यह तकरीबन 25 लाख के आसपास है। नियमानुसार एक लाख की आबादी में एक थाना होना चाहिए, लेकिन जिले में थानों की संख्या कम थी। कमिश्नरेट बनने के बाद थानों का प्रस्ताव भेजा गया था। इनमें एकता, रुनकता और बुंदू कटरा चौकी शामिल थीं। एकता चौकी को थाना बनाने का प्रस्ताव पास हो गया।

नए एकता थाने में कावेरी विहार फेस टू, पावन धाम, चमरौली, रश्मि विहार, कहरई, नालंदा टाउन, मारुति विहार, मारुति सिटी, गुतला, अकबरपुर, ब्रहमनगर, रामनगर, बरौली अहीर, रजरई, कौलक्खा, बगदा, देवरी, सुजगई, कोटली बगीची, बजहेरा, बहेटा, सैमरी, नगला कली, नौबरी, पचगाई खेड़ा, ठाकुरदास की गढ़ी, श्यामो, नौफरी, दिगनेर, विदरई, गढ़ी सोना, गंगरौआ, महुआखेड़ा, कुंआखेड़ा, गढ़ी नवलिया, कलाल खेड़िया, बुदेरा, मियापुर, नगला अरहर, तोरा, नीपुरा, धांबूपुरा, नगला टीन, गढ़ी बंगर, नगला पैमा, लकावली, लोहागढ़, बुढ़ाना, करभना आदि इलाके आएंगे।

NNI
हर खबर पर पक्की नजर
मूल्यों और आदर्शों के कर्म पथ पर जनहित की आवाज
दैनिक हिन्दी समाचार पत्र
न्यूज नेक्स्ट इण्डिया
आगरा
www.nnindianews.com
बुधवार, 08 अक्टूबर, 2025


# तलवार से नहीं, संकल्प से शिवाजी ने लिखा इतिहास

## दिव्य प्रेम सेवा मिशन है उसी संकल्प की आधुनिक व्याख्या: दुर्गविजय



- मां तुलजा भवानी की आरती से हुआ जाणता राजा के चौथे दिन का शुभारंभ

एनएनआई

**आगरा।** कलाकृति कन्वेंशन सेंटर परिसर में दिव्य प्रेम सेवा मिशन के महानाट्य जाणता राजा के चौथे दिन का शुभारंभ मां तुलजा भवानी की आरती से हुआ। मंत्रोच्चार और शंखनाद के बीच दीप प्रज्ज्वलन मुख्य अतिथि ब्रज क्षेत्र अध्यक्ष दुर्गविजय सिंह शाक्य ने कार्यक्रम का शुभारंभ किया।



इस दौरान उन्होंने कहाकि छत्रपति शिवाजी महाराज का जीवन केवल एक राजा की कहानी नहीं, बल्कि एक जागते हुए राष्ट्र का इतिहास है। उन्होंने विदेशी आक्रमणों के युग में यह सिद्ध किया कि जब राष्ट्र संकट में हो, तब धर्म की रक्षा के लिए तलवार उठाना ही सच्ची साधना है। आज की पीढ़ी भाग्यशाली है जो इस महानाट्य के माध्यम से शिवाजी महाराज के जीवन का सजीव दर्शन कर रही है। भारत भूमि कभी पराधीन नहीं रही, यहां के पुत्र सदा मां भारती की रक्षा के लिए खड़े रहे हैं।

अपर मुख्य सचिव, औद्योगिक विकास विभाग आलोक कुमार ने कहाकि छत्रपति शिवाजी महाराज हमारे आदर्श हैं। उन्होंने यह सिद्ध किया कि सनातनी पद्धति से एक ऐसी राज्य व्यवस्था दी जा सकती है, जो केवल सामरिक नहीं बल्कि सामाजिक और आर्थिक दृष्टि से भी आदर्श हो।

भाजपा किसान मोर्चा के कामेश्वर सिंह ने कहाकि दिव्य प्रेम सेवा मिशन ने 29 वर्षों में समाज के उस वर्ग को संभाला है जिसे समाज ने भुला दिया था। कुष्ठ रोगियों और उनके बच्चों के लिए शिक्षा, आवास, भोजन और प्रशिक्षण की व्यवस्था कर यह मिशन वास्तव में राष्ट्र की सेवा कर रहा है। हरिद्वार में संचालित छात्रावास में 600 से अधिक बच्चे निःशुल्क शिक्षा पा रहे हैं। बिना सरकारी सहायता, केवल जनसहयोग से। यह मिशन धर्मांतरण की विदेशी प्रवृत्तियों के सामने एक सशक्त सांस्कृतिक दीवार की तरह खड़ा है। इस मौके पर क्षेत्र प्रचारक डॉ. दिनेश, कुलपति केएन सिंह, आलोक कुमार, पूर्व सांसद डॉ. अनिल जैन, आनंद, डॉ. हरीश, मनोज, पुलिस कमिश्नर दीपक कुमार, विधायक पुरुषोत्तम खंडेलवाल, भाजपा महानगर अध्यक्ष राजकुमार गुप्ता, मनीष और डॉ. सुशील गुप्ता विभव, ललित शर्मा, अभिनव मौर्य, सीमा उपाध्याय, शुभम कश्यप, राहुल जोशी, पंकज पाठक, गोविंद दुबे, दिग्विजय नाथ तिवारी, संतोष खिरवार, मुकेश गोयल आदि मौजूद रहे।

### बारिश में भी चलता रहा मंचन, डटे रहे दर्शक

शाम को नाट्य मंचन के दौरान हल्की बारिश में भी कलाकारों का उत्साह और दर्शकों की श्रद्धा अडिग रही। बारिश की बूंदों के बीच दर्शक छत्रपति शिवाजी महाराज की गाथा में डूबे रहे। यह दृश्य स्वयं शिवाजी के अदम्य साहस की याद दिलाता है।

# हिंदवी स्वराज की गर्जना से गूंजा आगरा


- जाणता राजा महा नाट्य मंचन ने दिखाई शिव स्वराज्य की भव्यता
- दिव्य प्रेम सेवा मिशन के सेवा को समर्पित है महानाट्य जाणता राजा

एनएनआई

**आगरा।** कलाकृति कन्वेंशन सेंटर में मंगलवार को जाणता राजा महा नाट्य में हिंदवी स्वराज की संकल्पना पर आधारित प्रस्तुति ने इतिहास का पुनर्स्मरण ही नहीं बल्कि मातृभूमि के प्रति समर्पण और सेवा का प्रेरणादायक संदेश दिया। आगरा के 100 कलाकारों सहित 400 कलाकारों की सहभागिता रही।

विशाल मंच, हाथी और ऊंट के माध्यम से जीवंत युद्ध दृश्य, पारंपरिक मराठी संगीत, दरिया भवानी की आराधना और शिवाजी महाराज की उद्घोषणा ने परिसर को भावविभोर किया। इस दौरान जय भवानी, जय शिवाजी की ध्वनियों से पूरा परिसर गुंजायमान रहा। नाटक में शिवाजी महाराज की पत्नी साईबाई भोसले का पात्र अभिनेत्री मानसी ने न केवल एक रानी के रूप में, बल्कि एक सशक्त भारतीय नारी के रूप में प्रस्तुत किया। मानसी के भावपूर्ण संवादों और संयत अभिनय ने दर्शकों के हृदय में साईबाई की करुणा और दृढ़ता दोनों को गहराई से महसूस किया। दिव्य प्रेम सेवा मिशन डॉ. आशीष गौतम के नेतृत्व में संस्कार, स्वाभिमान और राष्ट्रभक्ति के मूल्यों को जागृत करने का कार्य कर रहा है। जाड़ता राजा इसी प्रेरणा का जीवंत उदाहरण है।

### डॉ. अजीत राव आप्टे की 45 वर्षों की साधना



महानाट्य जाड़ता राजा के महासचिव डॉ. अजीत राव आप्टे वर्ष 1980 से इस नाट्य महायज्ञ से जुड़े हुए हैं। लगभग 45 वर्षों से वे इस नाटक को समर्पित भाव से निभा रहे हैं। उन्होंने बताया कि युवावस्था में जब वे बाबासाहेब पुरंदरे (लेखक) के संपर्क में आए, तब जाड़ता राजा के मंचन की प्रारंभिक तैयारियां चल रही थीं। डॉ. आप्टे ने बताया कि इस नाटक के सभी संवाद सन् 1980 में रिकॉर्ड किए गए थे। आज भी वही मूल रिकॉर्डिंग मंचन के उपयोग में लाई जाती है। 1985 में पहली बार इस नाटक का मंचन पुणे में हुआ था। तब से अब तक यह महाराष्ट्र के सभी जिलों सहित देश के 10 राज्यों में मंचित हो चुका है। उनका कहना है कि जब वह कवि भूषण के पात्र में उतरते हैं तो दर्शक उस युग में जीने लगते हैं और जब औरंगजेब बनता हूं तो लोग मेरे किरदार को देखकर इतिहास की कठोरता को महसूस करते हैं।



# साहब! यहां जल भराव से है 'नदी' जैसा नजारा, हो सकता है हादसा

- ग्राम प्रधान नवलपुर के घर के सामने बारिश के पानी से हाइवे बना तालाब
- राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण नहीं दे रहा समस्या समाधान पर ध्यान

एनएनआई

**एत्मादपुर।** साहब! देखिए, यहां सामने एनएचएआई के नाले में मिट्टी से भरे होने के कारण बारिश के पानी की निकासी की कोई व्यवस्था नहीं है। नतीजतन हाइवे की पूरी सर्विस रोड और आधी मुख्य सड़क गंदा पानी एकत्रित होने से नदी जैसी नजार आ रही है। इस कारण यहां से गुजरने वाले तमाम राहगीर और वाहन चालक कभी भी जानलेवा हादसे के शिकार हो सकते हैं। क्षेत्रीय ग्राम पंचायत व एनएचएआई दोनों लापरवाह बने हुए हैं।



आगरा-कानपुर राष्ट्रीय राजमार्ग पर स्थित भागूपुर ग्राम पंचायत के गांव नगला रामबक्स में मंगलवार को एक विदेशी वाहन निर्माता कंपनी के नये शोरूम का उदघाटन करने के लिए मंडलायुक्त शैलेन्द्र कुमार सिंह आए थे। इस दौरान आसपास के ग्रामीण भी एकत्रित थे। उन्होंने मंडलायुक्त को कार्यक्रम स्थल के दूसरी तरफ सड़क पर भरे पानी की समस्या से निजात पाने के लिए गुहार लगाई लेकिन आयोजकों ने उनकी आवाज साहब के कानों तक नहीं पहुंचने दी। ग्रामीणों को पास जाने से रोके जाने पर वह अपनी परेशानी नहीं बता पाए।

मंडलायुक्त ने यहां वियतनाम की अग्रणी इलेक्ट्रिक वाहन निमार्ता कंपनी विनफास्ट के नये शोरूम का उदघाटन किया। बताते चलें कि भागूपुर ग्राम पंचायत के पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष राकेश बघेल भी प्रधान रहे हैं। यह उनका पैतृक गांव है। फिलहाल यहां के प्रधान राकेश यादव हैं। उनके आवास से कुछ दूरी पर सपा नेता जेपी यादव व नवलपुर ग्राम पंचायत के प्रधान उनके बड़े भाई भोजराज यादव का आवास है। यहां लंबे समय से हाइवे के सर्विस रोड के साथ आधी मुख्य सड़क पर बारिश का पानी भरा हुआ है। जलभराव से राष्ट्रीय राजमार्ग पर नदी जैसा नजारा दिखाई दे रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि जल भराव के कारण कभी भी गंभीर हादसा हो सकता है।



ग्राम पंचायत भागूपुर क्षेत्र में हाइवे किनारे जलभराव की समस्या वर्षों से बनी हुई है। शहीद पेट्रोल पंप के सामने और नवलपुर ग्राम प्रधान के घर के सामने अभी भी पानी भरा हुआ है। समस्या समाधान के लिए अधिकारियों को अवगत कराया गया है।

**एवरन सिंह,**
**अध्यक्ष साधन सहकारी समिति, भागूपुर**

# महिलाओं ने मनाया सुहाग का पर्व, सजी मेहंदी और सजे थाल

### श्री हरिबोल संस्था के कार्यक्रम में करवा क्वीन बनी पिंकी बंसल

एनएनआई

**आगरा।** श्री हरिबोल संस्था की ओर से करवाचौथ के पावन अवसर पर वाटर वर्क्स स्थित होटल अतिथिवन पर करवाचौथ श्रृंगार और डांडिया उत्सव का आयोजन किया। शुभारंभ मुख्य अतिथि उपमा गुप्ता, संस्थापक भोलानाथ अग्रवाल, अध्यक्ष केशव अग्रवाल, महामंत्री विक्की गर्ग, वरिष्ठ उपाध्यक्ष विष्णु अग्रवाल और दीपक अग्रवाल ने दीप प्रवज्जलन कर किया।

सुहागिन महिलाओं ने करवाचौथ की परंपराओं का निर्वहन करते हुए लाल साड़ी व लहंगे में सज कर आई और एक-दूसरे को सौभाग्यवती का आशीर्वाद दिया। महिलाओं ने पारंपरिक गीतों पर थाली सजाई और सुहाग की रस्मों को उत्साहपूर्वक निभाया। महिलाओं ने पारंपरिक गीतों पर थाली सजाई, डांडिया खेला और सुहाग की रस्मों को उत्साहपूर्वक निभाया।

महिला अध्यक्षा बबीता गोयल ने बताया



कि कार्यक्रम का उद्देश्य भारतीय संस्कृति और पारिवारिक मूल्यों को सशक्त बनाना है। करवाचौथ न केवल पति-पत्नी के अटूट प्रेम का प्रतीक है, बल्कि यह महिलाओं की शक्ति, श्रद्धा और समर्पण का भी पर्व है।

समन्वयक नूपुर सिंघल ने बताया कि करवा क्वीन पिंकी बंसल, उपविजेता विजय गुप्ता और रितु मखीजा बनी। निर्णायक मे रिचा गर्ग रही। संचालन नेहा अग्रवाल ने किया। इस अवसर पर डॉ. स्वाति चंद्रा, रीना जलन, कुसुम अग्रवाल, बेबी अग्रवाल, लवी गोयल, श्वेता अग्रवाल, प्रियंका वर्मा, विनीता गोयल, सपना अग्रवाल, सीमा सिंघल, वन्दना अग्रवाल, अंशिका गुप्ता, श्वेता बंसल, अनुपम शर्मा, रेणु गुप्ता आदि मौजूद रही।

# बेटियां सजायेंगी सुहागिन बहू-बेटियों के हाथ




- सेवा आगरा और संत रामकृष्ण महाविद्यालय करवाचौथ पर निःशुल्क लगाएगा मेहंदी शिविर
- शहर की एक हजार महिलाओं के हाथो पर प्रशिक्षित 50 युवतियाँ लगायेंगी मेहंदी

एनएनआई

**आगरा।** सेवा आगरा और संत रामकृष्ण कन्या महाविद्यालय की ओर से करवाचौथ पर शहर की महिलाओं के हाथो को मेहंदी से निःशुल्क सजाया जाएगा। मंगलवार को शिवपुरी स्थित महाविद्यालय पर आयोजन समिति के पदाधिकारियों ने महाशिविर के पोस्टर का विमोचन किया।

संस्थापक अध्यक्ष पार्षद मुरारी लाल गोयल पेंट और सुमन गोयल ने बताया कि करवाचौथ के महापर्व पर सनातन धर्म और भारतीय संस्कृति को बढ़ावा देते हुए सामूहिक मेहंदी लगवाने के लिए निःशुल्क मेहंदी महाशिविर लगाया जा रहा है। जिसमे विद्यालय की मेहंदी प्रतियोगिता में पारंगत रही युवतियों के द्वारा सुरक्षित वातावरण मे सुहागिन बहू-बेटियों के हाथों को मेहंदी से सजाया जाएगा। इससे महिलाओं को जगह-जगह भटकना नहीं पड़ेगा और बालिकाएं स्वावलंबी बनेंगी।

निदेशक रविकांत चावला ने बताया कि नौ अक्टूबर को दोपहर 12 से 5 बजे तक संत रामकृष्ण कन्या महाविद्यालय में निःशुल्क शिविर में कूपन द्वारा महंदी लगायी जाएगी। जिसका रजिस्ट्रेशन विद्यालय परिसर में निशुल्क किया जा रहा है। शहर की एक हजार महिलाओं के हाथो पर प्रशिक्षित 50 युवतियाँ मेहंदी लगायेंगी। इस अवसर पर डॉ. मोहिनी तिवारी, डॉ. योजना मिश्रा, डॉ. पिंकी वर्मा, डॉ. निशा कपूर, साधना गुप्ता, मयंक खण्डेलवाल आदि मौजूद रहे।

# शहर के इन इलाकों में दो दिन रहेगी पीएनजी और सीएनजी की किल्लत

### 50 हजार घरों में नहीं आएगी गैस, हो रही लाइन शिफ्टिंग

एनएनआई

**आगरा।** सिकंदरा स्थित औद्योगिक क्षेत्र में गैस पाइप लाइन की मरम्मत के लिए ग्रीन गैस लिमिटेड (गेल) ने बुधवार सुबह छह बजे से बृहस्पतिवार दोपहर 12 बजे तक गैस बंदी घोषित की है। इसके कारण 50 हजार घरों में पाइप्ड नेचुरल गैस (पीएनजी) नहीं आएगी। ट्रांसपोर्ट नगर सहित तीन कंप्रेस्ड नेचुरल गैस (सीएनजी) स्टेशन भी बंद रहेंगे।

सिकंदरा स्थित औद्योगिक क्षेत्र में नाला निर्माण कार्य चल रहा है। नाले के नीचे आठ इंच की स्टील गैस पाइपलाइन है, जिसे शिफ्ट करने के लिए गेल ने 30 घंटे का क्लोजर लिया है। इस संबंध में गेल ने जिलाधिकारी अरविंद एम बंगारी को पत्र भेजा है। गेल के सहायक महाप्रबंधक विपणन सूर्य प्रकाश गुप्ता ने बताया कि शहर में 30 सीएनजी स्टेशन हैं। 80 हजार से अधिक घरेलू पीएनजी गैस उपभोक्ता हैं।

ट्रांसपोर्ट नगर सीएनजी स्टेशन से वाहनों को गैस नहीं मिलेगी। आसपास के अन्य सीएनजी स्टेशन भी बंद रहेंगे।

पीएनजी सिर्फ अंतिम छोर वाले क्षेत्रों में प्रभावित रहेगी, जिनमें कमला नगर, पश्चिमपुरी, पथौली, दयालबाग, सिकंदरा, शाहगंज, आवास विकास कॉलोनी में सेक्टर-1 से 16 तक, बिचपुरी, पथौली आदि क्षेत्रों में पीएनजी उपभोक्ताओं को परेशानी हो सकती है।

**आकस्मिक स्थिति में यहां करें संपर्क**

आकस्मिक स्थिति में गेल के 24 घंटे आपातकालीन कंट्रोल रूम से संपर्क किया जा सकता है। गेल के कंट्रोल रूम नंबर 9927811227, 9927811226 और 9927811225 जारी किए हैं। गैस पाइपलाइन की मरम्मत के दौरान आकस्मिक स्थिति से निपटने के लिए अग्निशमन विभाग की टीम भी कार्य स्थल पर मौजूद रहेगी।

# बटेश्वर मेले में उटंगन जल संरक्षण की पहल करेंगे ग्रामीण पत्रकार

- सिविल सोसायटी संग अरनौटा, पिढौरा का किया भ्रमण
- ग्रामीण पत्रकारों संग बटेश्वर में आयोजन पर विचार-विमर्श

एनएनआई

**आगरा।** बटेश्वर मेले पर ग्रामीण पत्रकार उटंगन नदी केन्द्रित जनपद की नदियों और जल स्रोतों से संबंधित जागरूकता कार्यक्रम करेंगे। उप्र ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन की जनपद इकाई के तत्वावधान में जनपद से होकर बहने वाली नदियों, उनके प्रवाह तंत्र से संबंधित विषयों पर चर्चा केंद्रित होगी। एसोसिएशन के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष शंकर देव तिवारी ने कहाकि इस सम्बन्ध में जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ. मंजू भदौरिया से संपर्क किया जाएगा।



सिविल सोसायटी ऑफ आगरा के अनिल शर्मा, असलम सलीमी और राजीव सक्सेना ने ग्रामीण पत्रकार एसोसियेशन के शंकर देव तिवारी संग अरनौठा, पिढौरा में नदी तटीय स्थिति व प्रवाह के किए गए आंकलन में पाया कि मानसून कालीन उफान थम जाने के बाद भी नदी में पिढौरा, रीठे गांव तक भरपूर जल प्रवाह मौजूद है। तिवारी ने कहाकि पेयजल और सिंचाई सम्बन्धी समस्याएं रिपोर्टिंग की हमेशा चुनौती रही हैं। जनपद का भूजल स्तर लगातार गिर रहा है।

नदियों से होकर विपुल जलराशि बह जाती है। उटंगन नदी जनपद की भूजल रिचार्ज की दृष्टि से महत्वपूर्ण है।

इस दौरान ग्रामीण पत्रकार एसो के अलख दुबे, रणवीर सिंह, राज यादव, अजय भदौरिया और मंदिर प्रबंधक भी मौजूद रहे।




# यूनिवर्सिटी में किया महर्षि को नमन

एनएनआई

**आगरा।** आदि कवि महर्षि श्री वाल्मीकि जी के जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में आज विश्वविद्यालय परिसर स्थित श्री पिपलेश्वर महादेव मंदिर पर सुंदरकांड पाठ अथवा भंडारे का आयोजन किया गया। सुंदरकांड का संगीतमय पाठ कार्यक्रम का शुभारंभ भगवान श्री बाल्मीकि जी की प्रतिमा पर पुष्प अर्पण कर किया गया। जिसमें कर्मचारी संघ के अध्यक्ष अखिलेश चौधरी, निखिल शर्मा, उप कुलसचिव कैलाश बिन्द सहायक कुलसाचिव रमाकांत त्रिपाठी, राम सेवक राम, डॉ मनोज राठौर नीलम शर्मा, कविता श्रीवास्तव, काजल राजावत, हेमंत राणा, रोहित, मुकेश कुमार, सरिता द्विवेदी, विश्वविद्यालय के बड़ी संख्या में कर्मचारी भागीदार बने कार्यक्रम के मुख्य आयोजक विशालदीप ने सभी का पटका पहनाकर सम्मान किया भगवान महर्षि बाल्मीक जी के जीवन परिचय दिया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय कर्मचारियों सुखपाल सिंह तोमर, विशाल दीप ,धनेश द्विवेदी ,ज्ञानेश तिवारी,अनिल, संजय चौहान,देवांग आदि शामिल रहे।

# रंग जुलूस में मुखरित हुई कई प्रांतों की सांस्कृतिक छटा

एनएनआई



**आगरा।** सड़कों पर विभिन्न प्रांतों की मनोहारी संस्कृति की रंगत बिखरी। जिसको देखकर राहगीर भी रुक रुक कर कलाकारों की प्रस्तुतियों को निहारते हुए नजर आए। इन कलाकारों की टोलियों पर मार्ग में पुष्प वर्षा भी करते हुए दिखे लोग। कई जगह उनका जलपान कराकर स्वागत भी किया गया। ये नजारा था संस्कार भारती नाट्य केंद्र द्वारा मिल्टन पब्लिक स्कूल के सहयोग से आयोजित रंगोदय 2025 के अंतर्गत निकाले गए रंग जुलूस का, जिसमें देश भर के लोक कलाकारों ने नाट्य और नृत्य प्रस्तुतियों से मन मोह लिया।

इस भव्य रंगयात्रा के मार्ग में भोले बाबा डेरी द्वारा राम नगर कॉलोनी और एनएससी कंप्यूटर्स द्वारा संजय प्लेस स्थित इलेक्ट्रोनिक मार्केट में कलाकारों के दलों का चंदन लगाकर पुष्प वर्षा करके स्वागत और जलपान कराया गया। अपने स्वागत से सभी कलाकार अभिभूत दिखे। पंचतत्व राउरकेला के दल ने संभलपुरी नृत्य किया। आहवान थियेटर उड़ीसा द्वारा धार्मिक झांकी पेश की गई। शारदा नाट्य मंच धनबाद द्वारा संदेशात्मक सामाजिक झांकी पेश की। अनुरोध साहित्य कला केंद्र आजमगढ़ द्वारा धार्मिक झांकी प्रस्तुत की गई। अंग नाट्य मंच बरियारपुर द्वारा छठ पूजा की झांकी प्रस्तुत की गई। अभिनायक रंगमंच दिल्ली द्वारा राजनैतिक झांकी पेश की गई। नटराज यूथ क्लब झारखंड द्वारा लोक नृत्य प्रस्तुत किया। मंच दूतम, ध्रुपद डांस अकादमी, चूमरांग क्रिएटिव आर्टिस्ट एसोसिएशन, द रंग आर्ट, बीइंग कलाकार ग्रुप, थियेटर मूवमेंट और महाश्वेता कला केंद्र के कलाकारों के दलों ने अपनी-अपनी प्रस्तुतियों से सबका मन मोह लिया। रंग जुलूस की शुरूआत में संस्कार भारती नाट्य मंच आगरा के संस्थापक निदेशक केशव प्रसाद सिंह और मुख्य संरक्षक डॉ. राहुल राज ने कलाकारों को आशीर्वाद दिया। कार्यक्रम में संस्था के संरक्षक डॉ. महेश धाकड़, अध्यक्ष पंकज सक्सैना, कार्यकारी निदेशक अजय दुबे, सचिव नीता तिवारी, अनीता परिहार, उमा शंकर मिश्र, चंद्र शेखर बहावर, भारती शर्मा, वाणी सक्सैना, विभा शर्मा, रूपेश कुमार, सत्यव्रत मुद्गल, राजीव सिंघल, पंकज शर्मा, प्रेमपाल सिंह आदि भी मौजूद थे।

# देवांश धांगर को मिला 'सरदार वल्लभभाई पटेल मोटिवेशनल अवॉर्ड'



एनएनआई

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय एकता दिवस के अवसर पर इस वर्ष का सरदार वल्लभभाई पटेल मोटिवेशनल अवॉर्ड 2025 नई सोच और प्रेरणा के प्रतीक युवा शिक्षक देवांश धांगर को प्रदान किया जाएगा। कार्यक्रम का आयोजन अइट (ऑल मोलभगत मीडिया) द्वारा नई दिल्ली स्थित राजा राम मोहन राय मेमोरियल ऑडिटोरियम, आईटीओ में शाम 6 बजे से किया जाएगा।

यह अवॉर्ड उन व्यक्तित्वों को समर्पित है जिन्होंने अपने कार्यों से समाज में एकता, प्रेरणा और राष्ट्रीय चेतना का संचार किया है। इस बार यह सम्मान देवांश धांगर जैसे युवा प्रतिभा को मिलने जा रहा है, जिन्होंने बहुत कम उम्र में शिक्षा और मोटिवेशन के क्षेत्र में अद्भुत योगदान दिया है।

सिर्फ 10 वर्ष की उम्र में, देवांश ने श्री गिर्राज देवांश एकेडमी की स्थापना कर अब तक 500 से अधिक विद्यार्थियों को कोडिंग और प्रोग्रामिंग सिखाई है। उन्होंने छोटे बच्चों को तकनीक और शिक्षा के माध्यम से आत्मनिर्भर बनाने का कार्य किया है। उनकी मेहनत, समर्पण और सकारात्मक सोच ने अनेक विद्यार्थियों के जीवन में नई दिशा दी है। यह समारोह राष्ट्रीय एकता दिवस के अवसर पर आयोजित किया जा रहा है, जो भारत के लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती को समर्पित है। इस अवसर पर विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाले प्रतिभाओं को भी सम्मानित किया जाएगा।

# सरस्वती विद्या मंदिर में मनाई गई वाल्मीकि जयंती




एनएनआई

**आगरा।** प्रभु श्रीराम जी के जीवन-दर्शन को सामान्य जन जन तक पहुंचने वाली भाषा में लयबद्ध करने वाले आदिकवि महर्षि वाल्मीकि जी की जयंती श्रद्धापूर्वक हर्षोल्लास के साथ मनाई गई। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि धर्म जागरण के प्रांत प्रमुख श्री विशाल जी ने अपने व्याख्यान में कहा कि महर्षि वाल्मीकि जी ने सामाजिक समरसता के लिए रामायण जैसे अमर महाकाव्य की रचना कर जन मानस को मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम के आदर्शों से परिचित कराया।

यह दिव्य ग्रंथ हम सभी को अनंत काल तक जीवन की हर परिस्थिति में मार्गदर्शन और प्रेरणा देता रहेगा। कार्यक्रम में विद्या भारती ब्रज प्रांत के संगठन मंत्री हरिशंकर जी ने कहा की महर्षि वाल्मीकि को संस्कृत साहित्य का जनक और प्रथम कवि माना गया है जिन्होंने रामायण जैसी अमर कृति की रचना की जो धर्म,नीति और आदर्श जीवन का मूल आधार मानी जाती है। ब्रज प्रांत के सेवा केंद्र प्रमुख श्री महेंद्र जी व विद्यालय के संरक्षक सी ए महेंद्र गर्ग ने भी अपने विचार व्यक्त किये। कार्यक्रम में विद्यालय के प्रधानाचार्य श्री कृष्णकांत द्विवेदी व शिशु मंदिर के प्रधानाचार्य दिनेश चंद्र उपाध्याय के साथ सभी अतिथियों ने विद्यालयों के स्वच्छता कर्मियों को सम्मानित किया कार्यक्रम का संचालन भूगोल विषय के प्रवक्ता सुनील कुमार चौधरी द्वारा किया गया। कार्यक्रम की मुख्य व्यवस्थाओं में श्री कृष्ण चंद्र दुबे,ज्ञानेन्द्र तिवारी, वरुण कौशिक,सुरेश श्रीवास्तव,अंकित उपाध्याय,प्रवीन शर्मा, अंशुल अग्रवाल,अतुल सक्सेना,मनोहर लाल, शक्तिमान और मेजर शंभूजी पांडे उपस्थित रहे।

# सपाइयों ने किया भगवान वाल्मीकि को नमन




**आगरा** एनएनआई। समाजवादी पार्टी कार्यालय पर महर्षि वाल्मीकि जयंती बड़े हर्षोल्लास एवं धूमधाम से मनाई गई। इस अवसर पर कार्यक्रम की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष श्रीकृष्ण वर्मा ने की। निर्वतमान जिलाध्यक्ष श्रीकृष्ण वर्मा ने कार्यकताओं को संबोधित करते हुए कहा कि महर्षि वाल्मीकि जी की जयंती पर हमें उनसे प्रेरणा लेते हुए यह संकल्प लेना चाहिए कि समाज में व्याप्त भेदभाव और ऊंच-नीच की कुरीतियों को समाप्त किया जाए। समाजवादी पार्टी के संस्थापक नेताजी ने वाल्मीकि जयंती पर अवकाश घोषित कर सम्मान दिया था, किंतु वर्तमान सरकार में वाल्मीकि समाज को अपेक्षित सुविधाएं एवं सम्मान नहीं मिल पा रहा है। कार्यक्रम में उपस्थित नेताओं एवं कार्यकताओं ने संकल्प लिया कि वे महर्षि वाल्मीकि के दिखाए मार्ग पर चलकर समाज में समानता, भाईचारा और सद्भावना को स्थापित करेंगे। प्रमुख रूप से उपस्थित रहे झसुरेंद्र चौधरी, उदल सिंह कुशवाह,विनय अग्रवाल, राकेश धनगर, रमेश यादव, जितेन्द्र बाल्मीकि,वीरेंद्र वाल्मीकि, देवेन्द्र राजपूत, परवेज खान, सोनेलाल कश्यप, भरत सिंह जाटव, आदि लोग मौजूद रहे

## हरीपर्वत चौराहे पर बनाया स्वागत मंच




**आगरा** एनएनआई। महर्षि भगवान वाल्मीकि जयंती के शुभ अवसर पर सपा नेता विनय अग्रवाल द्वारा एमडी जैन इंटर कॉलेज के सामने हरी पर्वत चौराहे पर लगाया गया। स्वागत मंच का शुभारंभ विधानसभा सांसद रामजीलाल सुमन एवं अध्यक्ष चौधरी वाजिद निषाद द्वारा भगवान वाल्मीकि के चित्र पर माला अर्पण करके किया गया। आगरा दक्षिण विधानसभा के अध्यक्ष सतीश चाहर, अंकेश वशिष्ठ, गौरव जाटव, विमल वाल्मीकि, वीरेंद्र वाल्मीकि, सुशील गुप्ता, राकेश गोला, सोनेलाल कश्यप, मनीष जाटव, परवेज खान, बबलू यादव, हिमांशु यादव, प्रमोद यादव, मुन्नू यादव, रिजवान खान, नवीन चंचल आदि थे।

# करवा चौथ पर बाजारों में रौनक

## ज्योतिषियों से पूछकर खरीददारी कर रहीं महिलाएं

एनएनआई

**बाह।** करवा चौथ को लेकर मंगलवार को शहर ही नहीं देहात का भी बाजार गुलजार रहा। खरीददारों की भीड़ उमड़ने से दिन भर जाम के हालात बने रहे। बाह, जरार, जैतपुर, बटेश्वर, भदरौली में सौंदर्य प्रसाधन मेंहदी, चूड़ी, सिंदूर, काजल, लिपिस्टक, नेल पालिस, साड़ी, करवा से लेकर कलेंडर तक की खूब बिक्री हुई। सुहागिनों ने अपने राशि रंग के अनुसार चूड़ी और साड़ी खरीदने में दिलचस्पी दिखाई। जरार के कपड़ा व्यवसायी हरिओम गुप्ता, दिनेश गुप्ता ने बताया कि लाल, हरे और गुलाबी रंग की साड़ियों की ज्यादा डिमांड है। चूड़ी बाजार में भी राशि रंग का जादू महिलाओं के सिर पर चढ़कर बोला। चूड़ी कारोबार से जुड़ी सावित्री, मुन्नी देवी ने बताया कि हरी और लाल चूड़ियां ज्यादा बिक रही हैं। पिछली बार बाजारों में



चीनी के जो करवे प्रति पीस 20 से 40 रुपये में बिके थे, इस साल वही 40 से 80 रुपये तक में बिक रहे हैं। हरिओम हलवाई ने बताया कि चीनी के दाम बढ़ने से करवे महंगे हुए हैं।

इस साल महिलाएं अपने सुहाग की सलामती के लिए करवाचौथ का व्रत 10 अक्टूबर को रखेंगी। ज्योतिषाचार्य शिवशरण पाराशर ने बताया कि करवा चौथ के पूजन में महिलाएं अपनी राशि रंग के अनुसार साड़ी, चूड़ी आदि पहनेंगी तो अखंड सौभाग्य के साथ परिवार में सुख समृद्धि बढ़ेगी। मेष राशि वाली महिलाएं लाल रंग, वृषभ राशि वाली महिलाएं गुलाबी रंग, मिथुन राशि वाली महिलाएं हरे रंग, कर्क राशि वाली महिलाएं सिल्वर रंग, सिंह राशि वाली महिलाएं बैंगनी रंग, कन्या राशि वाली महिलाएं पीले रंग, तुला राशि वाली महिलाएं नीले रंग, वृश्चिक राशि वाली महिलाएं नारंगी रंग, धनु राशि वाली महिलाएं सुनहरे रंग, मकर राशि वाली महिलाएं फिरोजी रंग, कुंभ राशि वाली महिलाएं सिल्वर रंग, मीन राशि वाली महिलाएं आसमानी रंग की साड़ी और चूड़ी पहन पहनें।

# दहेज उत्पीड़न से परेशान विवाहिता ने फांसी लगाकर दे दी जान

एनएनआई

**पिनाहट।** थाना पिनाहट क्षेत्र के गांव उटसाना में दहेज उत्पीड़न से परेशान एक विवाहिता ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। मृतका के पिता की तहरीर पर पुलिस ने ससुरालीजनों के विरुद्ध दहेज उत्पीड़न एवं दहेज हत्या की धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है।

राजस्थान के जिला धौलपुर के थाना दिहौली क्षेत्र के शंकरपुरा गांव निवासी मेवाराम पुत्र राम सनेही ने बताया कि उसकी पुत्री साक्षी उर्फ जूली की शादी वर्ष 2016 में सुमन उर्फ सुमित पुत्र पातीराम, निवासी उटसाना, थाना पिनाहट के साथ हिंदू रीति-रिवाज से की गई थी। शादी में करीब 4.50 लाख रुपये मय सामान खर्च किए गए थे। वादी के अनुसार, विवाह के बाद से ही साक्षी के ससुरालीजन – पति सुमन उर्फ सुमित, ससुर पातीराम, सास उर्मिला, देवर धीरज व पंकज तथा ननद नीरू



अतिरिक्त दहेज के रूप में एक लाख रुपये व मोटरसाइकिल की मांग कर रहे थे। मांग पूरी न होने पर साक्षी को प्रताड़ित किया जाता था। सूचना पर पिनाहट पुलिस मौके पर पहुंची, शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए आगरा भेजा गया। घटना के बाद से मृतका के परिजनों में कोहराम मचा हुआ है।

थाना प्रभारी पिनाहट मनोज कुमार ने बताया कि वादी मेवाराम की तहरीर के आधार पर पति सुमन उर्फ सुमित, ससुर पातीराम, सास उर्मिला, देवर धीरज व पंकज तथा ननद नीरू के खिलाफ दहेज उत्पीड़न और दहेज हत्या की धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।



## डांडिया पर थिरकीं महिलाएं

ताज नगरी स्थित होटल में डांडिया प्रोग्राम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर गीता राजपूत, उमा बंसल, जोती सोनी, विजेता, कमला चौहान, रानीश्री, रेनू सिंह, अर्चना शर्मा, कविता तोमर, आरती शर्मा, मिनी सक्सेना, हरप्रीत कौर, कशिश उपस्थित रहीं।

# रामलीला में श्रद्धा और आस्था का उमड़ा सैलाब

**आगरा** एनएनआई। ट्रांस यमुना कॉलोनी स्थित केप्स किंडर स्कूल के सामने रामलीला पार्क में रामलीला महोत्सव 2025 का भव्य शुभारंभ हुआ। अपने तेईस वे वर्ष में प्रवेश कर चुके इस वार्षिक आयोजन की शुरूआत दीप प्रज्वलन के साथ हुई, जिसे अमरनाथ हॉस्पिटल के एम.डी. डॉ. डी.पी. शर्मा ने फीता काटकर शुभारंभ किया। सम्पूर्ण परिसर "जय श्री राम" के जयघोष से गुंजायमान हो उठा और वातावरण भक्ति से सराबोर हो गया।

महोत्सव में रामलीला महोत्सव के संस्थापक बालकिशन गुप्ता, संस्थापक प्रदीप शर्मा, अध्यक्ष डॉ.



नौनीहाल सिंह कुशवाह, वीरेंद्र चौधरी, एडवोकेट जितेंद्र धाकरे, गिर्राज पाठक, देवेन्द्र गुप्ता, डॉ पप्पू गहलोत लक्ष्मीकांत उपाध्याय, पंकज गुप्ता, योगेश यादव, दिनेश चौखरी, हरिविलास यादव, शेर सिंह कुशवाह सहित अनेक लोग उपस्थित रहे।



# बटेश्वर मेला 18 से, तैयारियां शुरू नहीं

एनएनआई

**बाह।** मेला बटेश्वर 18 अक्टूबर से शुरू होगा। 9 नवंबर तक चलने वाले मेले की जिला पंचायत ने अभी तक तैयारियां शुरू नहीं की हैं। यमुना की बाढ़ में क्षतिग्रस्त हुए रास्ते टूटे फूटे पड़े हैं। पहले चरण में लगने वाले पशु मेले के रास्ते की पुलिया और रास्ते में गहरा कटान हो गया है। बटेश्वर के प्रवेश द्वार के गेट पर कीचड़ और दलदल के हालात बने हुए हैं। सदर बाजार की सड़क भी क्षतिग्रस्त पड़ी है। मंदिर की सड़क की पुलिया और सड़क के गड्ढों की मरम्मत नहीं हुई है। वैसे भी बटेश्वर का मेला क्षेत्रीय दायरे में सिमटता जा रहा है। 24 सितंबर को जिला पंचायत के अधिकारियों ने बटेश्वर में स्थलीय निरीक्षण कर मेले की रूप रेखा तैयार की थी। लेकिन तब से 13 दिन बीत गये, मेले की तैयारी शुरू नहीं हुई है। घाटों पर जमा बाढ़



की सिल्ट तक नहीं हटाई गई है। समय रहते व्यवस्थाएं दुरुस्त किए जाने की मांग उठने लगी है। जिला पंचायत के अपर मुख्य अधिकारी उमेश चन्द ने बताया कि 14 अक्टूबर से पशु रजिस्ट्रेशन शुरू होगा। 18 अक्टूबर को मेले का उदघाटन होगा। मेले की तैयारियों के लिए टेंडर निकाले गये हैं। ब्रहस्पतिवार से तैयारियां शुरू हो जाएंगी। बटेश्वर मेले के स्तर को ऊंचा उठाने के प्रयास होंगे।

# सप्त दिवसीय समारोह में हुआ संत-विद्वत सम्मेलन

एनएनआई

**वृन्दावन।** चैतन्य विहार फेस-2 स्थित नवनिर्मित मणिद्वीप भागवत सेवा आश्रम में चल रहे सप्त दिवसीय उद्घाटन समारोह के अंतर्गत शरद पूर्णिमा के पावन पर्व पर वृहद सन्त-विद्वत सम्मेलन का आयोजन सम्पन्न हुआ।जिसमें अपने विचार व्यक्त करते हुए श्रीनाभापीठाधीश्वर जगद्गुरु स्वामी सुतीक्ष्णदास देवाचार्य महाराज ने कहा कि शरद पूर्णिमा का पर्व अत्यंत दिव्य है। आज इस पावन पर्व पर "भागवत भक्त" आचार्य प्रदीप मणि महाराज द्वारा संस्थापित मणिद्वीप भागवत सेवा आश्रम का उद्घाटन होना बड़े ही हर्ष का विषय है।

श्रीमज्जगद्गुरु स्वामी जयराम दास महाराज ने कहा कि आचार्य प्रदीप मणि महाराज ने बहुत ही कम आयु में ही श्रीमद्भागवत कथा, श्रीराम कथा एवं अन्य धर्म ग्रंथों के माध्यम से देश ही नहीं अपितु विदेशों में प्रभु भक्ति का प्रचार-प्रसार कर असंख्य




व्यक्तियों को धर्म के मार्ग से जोड़कर उनका कल्याण किया है।

श्रीपीपाद्वाराचार्य जगद्गुरु बाबा बलरामदास देवाचार्य महाराज ने कहा कि आचार्य प्रदीप मणि महाराज अत्यंत उदार,परोपकारी व सेवाभावी हैं। हमें पूर्ण विश्वाश है कि उनके निर्देशन में मणिद्वीप भागवत सेवा आश्रम गौ सेवा, सन्त सेवा, ब्रजवासी सेवा एवं दीन-दुखियों की सेवा के लिए सदैव समर्पित रहेगा।

श्रीमज्जगद्गुरु स्वामी विश्वेशप्रपन्नाचार्य महाराज ने कहा कि वर्तमान में सनातन धर्म पर हो रहे कुठाराघात से धर्म की रक्षा के लिए ऐसे आश्रमों की स्थापना होना अति आवश्यक है।क्योंकि देश व धर्म की रक्षा के लिए उसकी संस्कृति की रक्षा करना परम् आवश्यक है।तभी धर्म व देश सुरक्षित और ऊर्जा वान बनेगा।

## संपादकीय

# नहीं झुक रहे सिद्धारमैया



कर्नाटक का मामला दिलचस्प हो गया है। कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया ने ताल ठोंक कर कहा है कि वे मुख्यमंत्री की कुर्सी नहीं छोड़ने जा रहे हैं। उन्होंने कहा है कि वे पांच साल का कार्यकाल पूरा करेंगे। गौरतलब है कि मई 2023 में कर्नाटक की सरकार बनते समय इस बात की चर्चा हुई थी कि सिद्धारमैया और डीके शिवकुमार के बीच ढाई ढाई साल तक सत्ता में साझीदारी का फॉमूर्ला तय हुआ है। पहले ढाई साल सिद्धारमैया सीएम रहेंगे और इस अवधि में शिवकुमार उप मुख्यमंत्री के साथ साथ प्रदेश अध्यक्ष भी बने रहेंगे। इस फॉमूर्ले के मुताबिक बाद के ढाई साल शिवकुमार को सीएम बनाना था और प्रदेश अध्यक्ष सिद्धारमैया की पसंद का होना था। अब सिद्धारमैया के बतौर मुख्यमंत्री ढाई साल पूरे होने वाले हैं। नवंबर में सिद्धारमैया के बतौर मुख्यमंत्री ढाई साल पूरे करेंगे। जैसे जैसे उसकी डेडलाइन नजदीक आ रही है वैसे वैसे दोनों खेमों से बयानबाजी बढ़ रही है।शिवकुमार के समर्थक उनको मुख्यमंत्री बनाने की मांग कर रहे हैं तो सिद्धारमैया और उनके समर्थक कुर्सी नहीं छोड़ने पर अड़े हैं। ऐसा लग रहा है कि कांग्रेस आलाकमान ने भी कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया के आगे हथियार डाल दिया है। वे बिल्कुल अपने अंदाज में राजनीति कर रहे हैं। जैसे जैसे ढाई साल की कथित समय सीमा नजदीक आ रही है वैसे वैसे उनकी आक्रामकता बढ़ती जा रही है। अब कर्नाटक में जैसी राजनीति हुई है उसमें सिद्धारमैया को बदलना कांग्रेस के लिए आत्मघाती हो सकता है।

ऐसा लग रहा है कि कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया ऐसी राजनीतिक लाइन पकड़ रहे हैं, जिसमें उनके प्रतिद्वंद्वी और मुख्यमंत्री पद के दावेदार डीके शिवकुमार अलग थलग हों।अपनी इस राजनीति में वे पार्टी नेतृत्व को भी असहज कर रहे हैं। उनकी सारी राजनीति कन्नड़ अस्मिता और अहिंदा राजनीति को बचाने की है और अपने को उस राजनीति का प्रतिनिधि बनाने की है। अहिंदा राजनीति में मुख्य रूप से पिछड़ा, मुस्लिम और दलित शामिल हैं।सिद्धारमैया खुद पिछड़ी जाति से हैं और मुस्लिम वोट साधने के लिए कुछ भी करने को तैयार हैं। दूसरी ओर वोक्कालिगा समाज से आने वाले शिवकुमार नरम हिंदुत्व की राजनीति के लिए जाने जाते हैं। सिद्धरमैया ने अपनी राजनीति में नया दांव यह चला है कि बुकर पुरस्कार जीतने वाली लेखिका बानू मुश्ताक को मैसुरू दसरा के उद्घाटन के लिए बुला लिया। बानू मुश्ताक का सरकार सम्मान करे इसमें किसी को समस्या नहीं है। लेकिन हिंदुओं के धार्मिक, सांस्कृतिक कार्यक्रम का उद्घाटन कराने से उनको भी पता था कि विवाद होगा। विवाद हो गया और  मामला कोर्ट में चला गया पर सिद्धारमैया ने मैसुरू दसरा कार्यक्रम का उद्घाटन बानू मुश्ताक से ही कराया। तमाम राजनीतिक, सामाजिक और कानूनी दबावों के बावजूद वे नहीं झुके।  लेकिन सिद्धारमैया अकलियत के बीच लोकप्रिय हो गए। इसका मैसेज पूरे देश में गया। तमाम सामाजिक समूह भी विरोध कर रहे थे कि हिंदू त्योहार का उद्घाटन कोई मुस्लिम क्यों करेगा, चाहे उसकी उपलब्धियां कितनी भी बड़ी हों। लेकिन सिद्धारमैया ने कराया। इसी तरह राज्य सरकार की ओर से शुरू कराई गई जाति गणना से लिंगायत समुदाय में विभाजन स्पष्ट है। पिछले दिनों एक मठ के स्वामी को हटाया गया क्योंकि उन्होंने लिंगायत लोगों से अपील की थी कि वे अपने को हिंदू धर्म में ही गिनती कराएं। ज्यादातर समूहों ने अपने को अन्य श्रेणी में दर्ज कराने का फरमान जारी किया है। सो, हिंदू धर्म के विभाजन का दांव भी उन्होंने चला है। ऊपर से पिछड़ी जातियों के बीच अपना आधार मजबूत किया है। एक तरह से डीके शिवकुमार को उन्होंने वोक्कालिगा तक समेट कर रख दिया है। इससे पहले सबने देखा कि कैसे सिद्धारमैया ने एक कार्यक्रम में मंच पर मौजूद राष्ट्रपति से पूछ लिया था कि क्या उनको कन्नड़ आती है और यह तेवर दिखाया था कि मैं तो कन्नड़ में बोलूंगा। राष्ट्रपति ने इस बात को बहुत कायदे से संभाला। लेकिन सिद्धारमैया की कन्नड़ अस्मिता और अहिंदा राजनीति मुख्यमंत्री की कुर्सी बचाने की राजनीति का हिस्सा है। अब सवाल है कि अगर सिद्धारमैया कुर्सी नहीं छोड़ेंगे तो क्या होगा? क्या शिवकुमार अगले चुनाव तक इंतजार करने को राजी होंगे? वे भी अलग अलग तरह के संकेत देते रहते हैं लेकिन इस बात की संभावना कम है कि वे पार्टी तोड़ेंगे और भाजपा के साथ जाएंगे। अगर वे कांग्रेस में ही रहते हैं तो क्या अगले ढाई साल तक वे प्रदेश अध्यक्ष बने रहेंगे? जो वो वे सबसे लंबे समय तक सीएम इन वेटिंग होते दिख रहे हैं।अब देखना दिलचस्प होगा कि शिवकुमार इसका जवाब कैसे देते हैं।


# प्रोस्टेट कैंसर

## 90% मामलों में समय पर इलाज से बच सकती है जान



**प्रोस्टेट कैंसर का खतरा पिछले एक-दो दशकों में तेजी से बढ़ता हुआ देखा गया है। आमतौर पर माना जाता रहा है कि 60 साल से अधिक उम्र वाले लोग इस कैंसर का शिकार होते हैं, हालांकि डेटा बताते हैं कि अब 50 की उम्र वालों में भी प्रोस्टेट की समस्या बढ़ती हुई देखी जा रही है।**

भारत जैसे देश में अब भी प्रोस्टेट कैंसर के बारे में चिंताजनक रूप से जागरूकता कम है, कई पुरुषों को ये पता ही नहीं होता है कि वह प्रोस्टेट की समस्या का शिकार हो गए हैं। जागरूकता की कमी के चलते बीमारी के शुरूआती संकेतों को नजरअंदाज कर देते हैं।



डॉ कहते हैं, कैंसर के मामलों में सबसे बड़ी चिंता यही रही है कि अधिकतर लोगों में इस समस्या का निदान ही तब हो पाता है जब बीमारी आखिरी के चरणों में पहुंच जाती है, जहां से इलाज करना और जान बचा पाना दोनों मुश्किल हो जाता है। अगर कैंसर का समय रहते निदान हो जाए तो इलाज के माध्यम से 80-90% लोगों की जान बचाई जा सकती है।

### 50 की उम्र वालों में भी देखा जा रहा है खतरा

कैंसर रोग विशेषज्ञ डॉ सुदीप्तो डे कहते हैं, जिस तरह से प्रोस्टेट कैंसर के मामले बढ़ते जा रहे हैं, ये जरूरी हो गया है कि हम इस बढ़ते खतरे को गंभीरता से लें।

आमतौर पर माना जाता रहा है कि प्रोस्टेट कैंसर सिर्फ बुजुर्गों को होने वाली समस्या है, हालांकि अब इसका जोखिम 50 की उम्र वालों में भी तेजी से बढ़ता हुआ देखा जा रहा है। जिन लोगों में प्रोस्टेट कैंसर की फैमिली हिस्ट्री रही है ऐसे लोगों में 45 साल की उम्र में भी जोखिम देखे जा सकते हैं। इसलिए जरूरी है कि उच्च जोखिम वाले लोग 40 साल की उम्र और अन्य लोगों को डॉक्टर की सलाह पर 50 की उम्र तक जांच शुरू करा लेनी चाहिए।

### प्रोस्टेट कैंसर के लक्षणों को जानिए

डॉक्टर कहते हैं, प्रोस्टेट कैंसर की स्क्रीनिंग बढ़ाना इस कैंसर के बढ़ते खतरे को कम करने के लिए जरूरी है। इसके साथ सभी लोगों को इसके लक्षणों पर भी गंभीरता से ध्यान देते रहना चाहिए ताकि बीमारी समय रहते पकड़ में आ जाए।

रात में बार-बार पेशाब की इच्छा होना प्रोस्टेट के बढ़ने का शुरूआती संकेत हो सकता है। यह मूत्राशय पर दबाव बढ़ने की वजह से होता है।

मूत्र मार्ग में सूजन या कैंसर सेल्स के कारण पेशाब करते समय जलन, जलन के साथ असहजता महसूस हो सकती है।

प्रोस्टेट ग्रंथि के बढ़ने से मूत्र मार्ग संकरा हो जाता है, जिससे पेशाब की धारा कमजोर या रुक-रुककर आती है।

यदि मूत्र या वीर्य में खून दिखे तो यह प्रोस्टेट की कोशिकाओं में बदलाव या ट्यूमर का संकेत हो सकता है।

कैंसर के फैलने की स्थिति में पीठ, कूल्हों या जांघों में दर्द महसूस होता है, जो धीरे-धीरे बढ़ता जाता है।

प्रोस्टेट पर प्रभाव के कारण नर्वस सिस्टम और रक्त प्रवाह प्रभावित होता है, जिससे यौन क्षमता में कमी आ सकती है।

### कैसे करें इस कैंसर से बचाव

डॉक्टर कहते हैं, कम उम्र से ही कुछ बातों पर ध्यान दे लिया जाए तो कैंसर के खतरे को कम किया जा सकता है।

प्रोस्टेट कैंसर से बचाव के उपाय के लिए पीएसए (प्रोस्टेट-स्पेसिफिक एंटीजन) टेस्ट 50 की उम्र के बाद साल में एक बार जरूर कराएं। इसके अलावा दिनचर्या और खान-पान में सुधार करना भी कैंसर से बचाव के लिए आवश्यक है।

संतुलित जैसे फाइबर वाली चीजें, फल, हरी सब्जियां और ओमेगा-3 फैट्स वाली चीजों का सेवन करें। रेड मीट और प्रोसेस्ड फूड से बचें। अध्ययनों में धूम्रपान और शराब को सेहत के लिए बहुत खतरनाक बताया गया है, इन दोनों आदतों से बिल्कुल दूरी बना लें। नियमित व्यायाम, वजन नियंत्रित रखना, तनाव कम करना भी इस कैंसर के खतरे से बचे रखने में मददगार है।



# 'बिग बॉस कन्नड़' का सेट सील, पर्यावरण नियमों के उल्लंघन पर कड़ी कार्रवाई

## प्रतियोगियों को तुरंत घर खाली करने का आदेश, शो के भविष्य पर संकट



लोकप्रिय रियलिटी शो 'बिग बॉस कन्नड़-सीजन 12' को बड़ा झटका लगा है। कर्नाटक राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (KSPCB) ने पर्यावरणीय नियमों के उल्लंघन के कारण शो के सेट को तत्काल प्रभाव से सील कर दिया है। साथ ही, शो के प्रतियोगियों को घर से बाहर निकालने का आदेश भी जारी किया गया है। यह फैसला सोमवार देर रात उस समय लिया गया जब KSPCB की निरीक्षण टीम ने शो के निर्माण स्थल का निरीक्षण किया और वहाँ गंभीर पर्यावरणीय लापरवाहियाँ पाईं।

### क्या थी गड़बड़ियाँ?

सेट पर सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट (STP) ठीक से काम नहीं कर रहा था, और गंदा पानी बिना ट्रीटमेंट के सीधे बाहर छोड़ा जा रहा था। ठोस कचरा प्रबंधन में भी लापरवाही पाई गई – प्लास्टिक, खाने-पीने का बचा सामान और अन्य कचरे को न तो अलग किया गया और न ही वैज्ञानिक ढंग से नष्ट किया गया। बोर्ड ने सेट की बिजली आपूर्ति पर भी रोक लगाने का आदेश दिया है। स्थानीय नागरिकों ने विरोध प्रदर्शन करते हुए पर्यावरण और स्वास्थ्य को खतरे में डालने का आरोप लगाया।

### प्रतियोगियों को निकालने का आदेश

KSPCB के आदेश के बाद शो की प्रोडक्शन टीम को निर्देश दिया गया कि वे तुरंत सभी प्रतियोगियों को बिग बॉस हाउस से बाहर निकालें और शूटिंग परिसर को पूरी तरह खाली करें। सूत्रों के अनुसार, कलाकारों और तकनीकी टीम को भी सेट छोड़ने को कहा गया है।

### चैनल और मेकर्स की चुप्पी


इस पूरे घटनाक्रम पर अब तक न तो प्रोडक्शन हाउस और न ही प्रसारण चैनल की ओर से कोई आधिकारिक प्रतिक्रिया सामने आई है। शो के प्रसिद्ध होस्ट किच्चा सुदीप को इस फैसले की जानकारी दे दी गई है, लेकिन आगे की रणनीति स्पष्ट नहीं है।

### क्या शो होगा बंद?

अब सबसे बड़ा सवाल यह उठ रहा है कि क्या शो को बीच में ही बंद कर दिया जाएगा? नए एपिसोड्स की शूटिंग पर रोक लग चुकी है। यदि पर्यावरण नियमों का पालन नहीं किया गया तो सीजन को अधूरा छोड़ा जा सकता है। KSPCB की मंजूरी मिलने के बाद ही शो फिर से शुरू हो सकता है।

# 'संतोष' फिल्म भारत में थिएटर से प्रतिबंधित, अब ओटीटी पर होगी रिलीज

## 17 अक्टूबर को लाइयंसगेट प्ले पर होगा डिजिटल प्रीमियर




ब्रिटेन द्वारा ऑस्कर के लिए नामांकित की गई फिल्म 'संतोष', जिसे भारत में सेंसर बोर्ड की आपत्तियों के कारण सिनेमाघरों में प्रदर्शित नहीं किया जा सका, अब ओटीटी मंच 'लायंसगेट प्ले' पर रिलीज की जा रही है। फिल्म का डिजिटल प्रदर्शन 17 अक्टूबर 2025 को किया जाएगा। यह फिल्म भारत में जातिगत भेदभाव, पुलिस अत्याचार, इस्लामोफोबिया (इस्लाम के प्रति डर या पूर्वाग्रह) और महिला विरोधी प्रवृत्तियों जैसे संवेदनशील मुद्दों को उठाती है। इन्हीं विषयों पर आपत्ति जताते हुए केंद्रीय फिल्म प्रमाणन बोर्ड (CBFC) ने फिल्म को प्रमाण पत्र देने से इनकार कर दिया। बोर्ड द्वारा सुझाए गए संशोधन इतने व्यापक थे कि फिल्म की निर्देशक संध्या सूरी और प्रमुख कलाकार शाहाना गोस्वामी ने फिल्म को बिना बदलाव के ओटीटी पर लाने का निर्णय लिया। निर्माताओं के अनुसार, यदि सेंसर बोर्ड की शर्तें मानी जातीं, तो फिल्म का मूल संदेश और उद्देश्य ही बदल जाता।

### अब ओटीटी पर उम्मीद की किरण

इस फिल्म को ब्रिटिश अकादमी पुरस्कार (BAFTA) में भी नामांकन मिल चुका है और इसे अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रशंसा प्राप्त हुई है। लेकिन भारत में इसे प्रदर्शन की अनुमति नहीं मिली। अब लायंसगेट प्ले द्वारा इसके डिजिटल अधिकार खरीद लिए गए हैं और यह फिल्म ओटीटीप्ले प्रीमियम पर भी देखी जा सकेगी। ओटीटी पर आने से उन दर्शकों को राहत मिलेगी जो बिना किसी कटौती के इस फिल्म को देखना चाहते थे। हालांकि यह अभी स्पष्ट नहीं है कि यह फिल्म पूरे भारत में समान रूप से उपलब्ध होगी या कुछ क्षेत्रों में इस पर प्रतिबंध हो सकता है।

### फिल्म की कहानी

'संतोष' एक महिला पुलिस अधिकारी की कहानी है जो जाति और लिंग आधारित भेदभाव का सामना करती है। यह फिल्म भारतीय समाज की उन जटिल सच्चाइयों को उजागर करती है, जिन्हें अक्सर मुख्यधारा की सिनेमा में नहीं दिखाया जाता।

### फिल्म उद्योग की प्रतिक्रियाएँ

ओटीटी पर रिलीज की घोषणा के बाद फिल्म जगत में इसे अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता की दिशा में एक अहम कदम माना जा रहा है। हालांकि, कुछ विशेषज्ञों का मानना है कि फिल्म की संवेदनशील विषयवस्तु के कारण इसे डिजिटल माध्यम पर भी कुछ अड़चनों का सामना करना पड़ सकता है।

# राघव जुयाल ने साझा कीं सलमान खान के पनवेल फार्महाउस की दिलचस्प यादें



## उनका फार्महाउस एक अलग ही दुनिया जैसा है

मशहूर अभिनेता और डांसर राघव जुयाल ने हाल ही में सुपरस्टार सलमान खान के साथ बिताए कुछ खास लम्हों को साझा किया। एक पॉडकास्ट बातचीत के दौरान यूट्यूबर रणवीर अल्लाहबादिया से चर्चा करते हुए राघव ने सलमान के पनवेल फार्महाउस में बिताए समय को अविश्वसनीय रूप से मजेदार और यादगार बताया।

राघव ने कहा, सलमान सर बहुत ही देने वाले और मेहमाननवाज इंसान हैं। उन्हें अपने मेहमानों का पूरा ध्यान रखना पसंद है। वहां हमने जो मस्ती की, वह एक अलग ही स्तर की थी। उन्होंने फार्महाउस पर होने वाली गतिविधियों को एक फाइव-स्टार अनुभव से बेहतर बताते हुए कहा कि वहां पर डर्ट बाइक, झरनों के बीच की सैर और पूरी रात चलने वाली पार्टियों का अलग ही आनंद है।

### एकदम अलग दुनिया जैसा अनुभव

राघव ने आगे बताया, वहां की जिंदगी कुछ अलग ही थी – जैसे धरती अलग चल रही हो और सलमान सर का संसार अलग। उनके अनुसार, फार्महाउस का माहौल शांति और रोमांच का एक अनोखा संगम है, जहां हर क्षण में कुछ नया और अप्रत्याशित होता है। गौरतलब है कि राघव और सलमान की दोस्ती फिल्म किसी का भाई किसी की जान (2023) की शूटिंग के दौरान हुई थी। इस फिल्म में सलमान मुख्य भूमिका में थे, जबकि राघव ने उनके छोटे भाई का किरदार निभाया था। फिल्म में शहनाज गिल और अन्य कलाकार भी प्रमुख भूमिकाओं में नजर आए थे।

### द बैड्स ऑफ बॉलीवुड में चमके राघव

इन दिनों राघव जुयाल आर्यन खान द्वारा निर्देशित वेब सीरीज 'द बैड्स ऑफ बॉलीवुड' में अपने किरदार के लिए सराहे जा रहे हैं। वह इस शो में लक्ष्य के दोस्त परवेज के किरदार में नजर आ रहे हैं। दर्शकों ने उनकी कॉमिक टाइमिंग, इमरान हाशमी के साथ सीन, और ऑन-स्क्रीन केमिस्ट्री को खूब सराहा है।



# रोहित ने चैंपियंस ट्रॉफी की जीत का श्रेय राहुल द्रविड़ को दिया

## ऑस्ट्रेलिया दौरे पर भी रखी राय

मुंबई। भारतीय टीम के पूर्व कप्तान रोहित शर्मा ने मंगलवार को कहा कि राहुल द्रविड़ के कार्यकाल में शुरू की गई प्रक्रियाओं का पालन करने की वजह से भारतीय टीम को चैंपियंस ट्रॉफी जीतने में मदद मिली। रोहित ने इस तरह खिताबी जीत का श्रेय द्रविड़ को दिया। मालूम हो कि भारत ने फाइनल में न्यूजीलैंड को हराकर इस टूर्नामेंट का खिताब जीता था। भारत चैंपियंस ट्रॉफी में रोहित की कप्तानी में उतरा था, जबकि टीम के मुख्य कोच द्रविड़ नहीं गौतम गंभीर थे।

### हिट रही थी रोहित-द्रविड़ की जोड़ी

रोहित और द्रविड़ की जोड़ी काफी हिट रही थी। इन दोनों की अगुआई में भारत 2023 वनडे विश्व कप के फाइनल में पहुंचा था जहां उसे हार का सामना करना पड़ा था। हालांकि, भारत ने इस निराशा को पीछे छोड़ा और 2024 टी20 विश्व कप में जीत दर्ज की। द्रविड़ का कार्यकाल टी20 विश्व कप में खिताबी जीत के साथ ही समाप्त हो गया था। इसके बाद गंभीर का दौर शुरू हुआ और टीम ने 2025 में चैंपियंस ट्रॉफी अपने नाम की। रोहित ने एक कार्यक्रम के दौरान कहा, देखिए, मुझे वह टीम बहुत पसंद थी, उनके साथ खेलना बहुत अच्छा लगता था और यह एक ऐसा सफर रहाहै जिसमें हम सभी कई वर्षों से लगे हुए थे। यह एक या दो साल के काम की बात नहीं है। यह कई वर्षों से काम करने की बात है। हम कई बार ट्रॉफी जीतने के बहुत करीब पहुंच गए थे, लेकिन जीत हासिल नहीं कर पाए। यहीं पर सभी ने फैसला किया कि हमें कुछ अलग करना होगा और इसे देखने के दो तरीके हैं। हमेशा यही विचार आता है कि ऐसा किया जाए और फिर जाकर वैसा ही किया जाए। यह एक या दो खिलाड़ियों से नहीं हो सकता। हमें चाहिए था कि सभी इस विचार को अपनाएं और यह सभी की ओर से अच्छा था।

### रोहित बोले- पता है ऑस्ट्रेलिया दौरे से क्या उम्मीदें हैं

रोहित ने कहा कि उन्हें तीनों प्रारूपों में अच्छा प्रदर्शन करने पर गर्व है। उन्होंने कहा कि उन्हें पता है कि आगामी ऑस्ट्रेलिया दौरे से क्या उम्मीदें हैं। मालूम हो कि ऑस्ट्रेलिया दौरे के लिए रोहित की जगह शुभमन गिल को वनडे टीम की कप्तानी सौंपी गई है। भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच तीन मैचों की वनडे सीरीज 19 अक्तूबर से शुरू होगी। रोहित ने कहा, मुझे व्यक्तिगत रूप से इस बात पर गर्व है कि जब भी मुझे अवसर मिला मैंने तीनों ही प्रारूपों में बेहतर करने का प्रयास किया और कुछ अन्य लोगों ने भी ऐसा ही किया और अंततः इसका प्रभाव टीम पर भी पड़ा। रोहित ने कहा, मुझे उनके (ऑस्ट्रेलिया) खिलाफ खेलना बहुत पसंद है। मुझे ऑस्ट्रेलिया जाना बहुत पसंद है। क्रिकेट खेलने के लिए यह एक बहुत ही चुनौतीपूर्ण देश है। वहां के लोग भी इस खेल से प्यार करते हैं। लेकिन निश्चित रूप से ऑस्ट्रेलिया को हर बार हमारे खिलाफ एक अलग चुनौती मिली है। कई बार वहां जाने के बाद मैं समझता हूं कि क्या उम्मीद करनी चाहिए। आशा है कि हम वहां जाकर वही कर पाएंगे जो भारतीय टीम से अपेक्षित है और परिणाम अपने पक्ष में लाने में सफल होंगे।

---

**विवाद** पृथ्वी शॉ ने बीच मैदान में खोया आपा

# मुबंई टीम के खिलाड़ियों के साथ उलझे; मुशीर को दिखाया बल्ला



**नई दिल्ली।** भारतीय टीम के अनुभवी बल्लेबाज पृथ्वी शॉ ने रणजी ट्रॉफी की शुरूआत से पहले बल्ले से दम दिखाया और अभ्यास मैच में महाराष्ट्र के लिए खेलते हुए अपनी पुरानी टीम मुंबई के खिलाफ शतक जड़ा। हालांकि, आउट होने के बाद वह अपना आपा खो बैठे और मुंबई टीम के खिलाड़ियों के साथ उलझ गए। पृथ्वी आठ साल तक मुंबई से खेलने के बाद इस सीजन महाराष्ट्र टीम से जुड़े हैं। पृथ्वी ने मुंबई के खिलाफ तीन दिवसीय अभ्यास मैच में शानदार प्रदर्शन किया और 219 गेंदों पर 181 रन बनाए। हालांकि, उनकी यह पारी विवादित तरीके से समाप्त हुई जहां वह एक बार फिर विवादों में घिर गए। पृथ्वी इस मैच में अच्छी बल्लेबाजी कर रहे थे और दोहरा शतक लगाने की ओर बढ़ रहे थे, लेकिन मुशीर खान की गेंद पर स्वीप शॉट मारने के चक्कर में बाउंड्री पर कैच थमा बैठे।

### सोशल मीडिया पर वायरल हुआ वीडियो

आउट होने के बाद पृथ्वी मुंबई टीम के खिलाड़ियों से भिड़ गए। पृथ्वी उस वक्त इतने गुस्से में थे कि उन्होंने मुशीर को बल्ला दिखाया। यह स्पष्ट नहीं हो सका है कि पृथ्वी के गुस्से का कारण क्या था, लेकिन अंपायर ने बीच-बचाव कर पृथ्वी को अलग किया और मामले को शांत कराया। मालूम हो कि मुशीर भारतीय क्रिकेटर सरफराज खान के भाई हैं। पृथ्वी का मुशीर से उलझने का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है जिसमें देखा जा सकता है कि पृथ्वी मुशीर को बल्ले दिखा रहे हैं जिसके बाद अंपायर ने उन्हें अलग कराया। इसके बाद जब पृथ्वी शॉ ड्रेसिंग रूम लौट रहे थे तो उनकी सिद्धेश लाड से भी बहस हो गई थी। फिर अंपायर को बीच बचाव के लिए बीच में आना पड़ा।

---

# कमिंस और ट्रेविस हेड ने ठुकराया 58 करोड़ रुपये का प्रस्ताव, देश को दी प्राथमिकता

**सिडनी/नई दिल्ली।** जहां पूरी दुनिया में टी20 फ्रेंचाइजी क्रिकेट का बोलबाला है, वहीं ऑस्ट्रेलिया के दो शीर्ष क्रिकेटरों पैट कमिंस और ट्रेविस हेड ने देश के लिए खेलने को प्राथमिकता देते हुए करोड़ों की पेशकश ठुकरा दी है। एक रिपोर्ट के अनुसार, दोनों खिलाड़ियों को एक टी20 फ्रेंचाइजी की ओर से लगभग 58 करोड़ रुपये (10 मिलियन ऑस्ट्रेलियाई डॉलर प्रति खिलाड़ी) का आकर्षक प्रस्ताव मिला था, ताकि वे सालभर अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट छोड़कर फ्रेंचाइजी के लिए ही खेलें। लेकिन दोनों खिलाड़ियों ने इस प्रस्ताव को सिरे से खारिज करते हुए स्पष्ट किया कि ऑस्ट्रेलिया के लिए खेलना ही उनका पहला कर्तव्य है। रिपोर्ट्स के अनुसार, आईपीएल से जुड़ी एक फ्रेंचाइजी ग्रुप ने यह प्रस्ताव दिया था कि कमिंस और हेड को




अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट छोड़कर सालभर टी20 लीग्स में खेलने के लिए प्रत्येक को 10 मिलियन ऑस्ट्रेलियाई डॉलर (लगभग 58 करोड़) दिए जाएंगे।

---

## बुधवार, 08 अक्टूबर राशिफल

मेष राशि के जातको के लिए आज का दिन लाभदायक रहेगा। आपको आज बिजनेस में लाभदायक डील मिलने का योग है। आर्थिक मामलों में आज भाग्य आपको लाभ दिलाएगा। आर्थिक पक्ष आपका बेहतर होगा। राजकीय क्षेत्र में आज आपको विशेष मान सम्मान मिल सकता है।

वृषभ राशि के लोगों के लिए आज का दिन शुभ रहेगा। परिवार में कोई मांगलिक कार्यक्रम हो सकता है। कुछ जरूरी काम अचानक आने से आपकी व्यस्तता आज बनी रहेगी। आर्थिक पक्ष बेहतर होगा। कमाई में वृद्धि होगी। जल्दबाजी से आपको आज बचना होगा।

मिथुन राशि के लोगों के लिए आज का दिन लाभदायक होगा। आपको आज अपनी कार्ययोजना का फायदा मिलेगा। कोई महत्वपूर्ण काम आपका आज पूरा होगा। छात्रों को उच्च शिक्षा में वरिष्ठों और मित्रो से विशेष सहयोग प्राप्त होगा।

कर्क राशि के जातको के लिए आज का दिन अच्छा है। राशि स्वामी चंद्रमा पर मंगल की दृष्टि होने से आपको आज नौकरी में अनुकूल स्थिति मिलेगी। साथ ही आज आपको कारोबार में लाभदायक अवसर प्राप्त होगा। आपके सितारे कहते हैं कि आज कार्यक्षेत्र में सहकर्मियों से आपको सहयोग मिलेगा।

सिंह राशि के लोगों के लिए आज का दिन सुखद रहेगा। आपको आज लव लाइफ मे प्रेमी के साथ वक्त बिताने का मौका मिलेगा। आज कार्यक्षेत्र में आपके सहकर्मी और वरिष्ठ अधिकारी आपकी मदद कर सकते हैं। सरकारी काम में आपको आज कामयाबी मिलेगी।

कन्या राशि के लोगों के लिए आज का दिन मिश्रित रहने वाला है। अपनी वाणी पर नियंत्रण रखें,नहीं तो किसी से कहासुनी हो सकती है। परिवार में आज किसी शुभ कार्यक्रम की चर्चा हो सकती है। छात्रों को आज पढ़ाई पर ध्यान देगा।

तुला राशि के लिए आज सितारे बताते हैं कि, जमीन जायदाद से जुड़े मामलों में परिवार के सदस्य से आपको आज सहयोग और लाभ मिल सकता है। आसपास सामाजिक और राजनीतिक क्षेत्र में भी आपकी साख बढ़ेगी। आपका धन आज खर्च होने वाला, कुछ अनचाहे खर्च भी होंगे लेकिन कारोबार में आज कमाई भी बढेगी।

वृश्चिक राशि के लोगों के लिए आज का दिन लाभदायक और शुभ रहेगा। नौकरी में आज आपका दिन अनुकूल बीतेगा। व्यापार में दिन भर लाभ के अवसर मिलते रहेंगे। आर्थिक स्थिति मजबूत होगी। आज परिवार में सुख, शांति और स्थिरता का आनंद लेंगे।

धनु राशि के जातको के लिए आज का दिन खचीर्ला रहेगा। आपको आज घरेलू कार्यों और जरूरतों पर धन खर्च करना होगा। माता के स्वास्थ्य में कुछ गिरावट आ सकती है, इसलिए इनकी सेहत का ध्यान रखें। नौकरी में आज कुछ विवाद की स्थिति उत्पन्न हो सकती है।

मकर राशि के लिए आज का दिन कारोबार व्यापार में लाभ दिलाने वाला रहेगा। आप आज अपने बिजनेस को विस्तार देने के लिए कुछ निवेश भी कर सकते हैं। घर की सजावट के लिए आज आप कुछ खरीदारी कर सकते हैं, जिससे आपकी जेब भी हल्की होगी।

कुंभ राशि के जातको के लिए आज का दिन शुभ लाभदायक होगा। लेकिन आपको आज सेहत के प्रति सजग और सतर्क रहने की जरूरत है। व्यापार में यदि आप कोई लेन-देन करने की सोच रहे हैं तो उसके लिए दिन अच्छा रहेगा।

मीन राशि के लिए आज सितारे बताते हैं कि, आज के दिन आपको जोखिम लेने से बचना होगा। नौकरी और व्यापार में आज आप अपनी बुद्धि का प्रयोग कर बहुत कुछ प्राप्त कर सकते हैं। पारिवारिक जीवन में आपको आज सुख और सहयोग मिलेगा।



डॉ. शिल्पा जैन
(एस्ट्रोलॉजर)
मो. 942560752

# नेमिनाथ दिगम्बर जैन मन्दिर में हुई विद्वत गोष्ठी

## आगरा दिगंबर जैन परिषद के तत्वावधान में हुआ आयोजन

एनएनआई




**आगरा।** पीर कल्याणी स्थित नेमिनाथ दिगम्बर जैन मंदिर में राष्ट्रीय विद्वत संगोष्ठी और अखिल भारतीय जैन पत्र संपादक संघ का अधिवेशन मनाया गया। आचार्य चैत्य सागर महाराज के सानिध्य में मंगलाचरण पंडित वर्धमान जैन ने की। इस दौरान पंचकल्याणक पाठ पूजन, कलशाभिषेक और भगवान का अभिषेक किया गया।

स्वामी जयंत कीर्ति उज्जैन, विनोद भैया, पंडित फूलचंद प्रेमी, अनूप एडवोकेट, शैलेंद्र जैन, जगदीश प्रसाद जैन, डॉ. राजीव प्रचंडीया, अखिल बंसल और अनुज जैन द्वारा आचार्य विद्यासागर महाराज का पूजन किया गया। आचार्य चैत्य सागर महाराज ने धर्म सभा को संबोधित किया। आचार्य चैत्य सागर महाराज के सानिध्य में नेमिनाथ भगवान का अभिषेक किया गया। पंचकल्याणक पाठ पूजन और वार्षिक कलशाभिषेक महोत्सव हुआ। आगरा 8 महिला मण्डलों द्वारा 1008 दीपकों से आरती की गई। इस दौरान अखिल भारतीय जैन पत्र संपादक मंडल के हुए अधिवेशन में चुनाव अधिकारी राजीव प्रचंडीया के निर्देशन में जगदीश प्रसाद को अध्यक्ष चुना गया। संचालन मनोज बाकलीवाल ने किया। इस मौके पर जगदीश प्रसाद जैन, मनीष जैन ठेकेदार, राकेश जैन पर्दे वाले, जितेंद्र जैन, सुनील जैन ठेकेदार, मनोज बाकलीवाल, रमेश जैन, राजेंद्र जैन, सुशील जैन, अनन्त जैन, पारस बाबू जैन, नरेश लुहाड़िया, अनुज जैन, राजेश जैन, अजय जैन, दीपक जैन,मनीष जैन लवली, सुबोध पाटनी, राहुल जैन एडवोकेट, अनिल जैन रहीस, दीपक जैन, मीडिया प्रभारी, राहुल जैन आदि मौजूद रहे।

# एक पहल के विद्यार्थियों को मिली पाठ्य सामग्री और फोटो कॉपी मशीन

- लॉयन्स क्लब आइडियल ने की सहायता, विद्यार्थियों के खिले चेहरे




एनएनआई

**आगरा।** लॉयन्स क्लब ऑफ आगरा आइडियल ने मंगलवार को सर्विस मीट के तहत दयालबाग स्थित एक पहल स्कूल के 750 विद्यार्थियों को पाठ्य सामग्री और फोटो कॉपी मशीन उपलब्ध कराई। कार्यक्रम का शुभारंभ लॉयन्स क्लब के विदेशी मेहमान इंटरनेशनल डायरेक्टर डेबी डेवसन और पीआईडी लॉयन्स जितेन्द्र चौहान ने मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया।

विदेशी मेहमान ढोल-नगाड़ों के साथ स्वागत किया गया। इस अवसर पर विद्यार्थि यों द्वारा सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं। इस दौरान अतिथियों ने पौधारोपण भी किया। अतिथियों का स्वागत क्लब के अध्यक्ष लव गोयल और तुषार अग्रवाल ने पटका पहनाकर किया। स्कूल के विद्यार्थियों द्वारा बनाई कलाकृति स्मृति के रूप में भेंट की गईं। इस मौके पर जितेन्द्र चौहान ने क्लब के पदाधिकारियों को सफल आयोजन के लिए बधाई दी। लॉयन्स क्लब के डिस्ट्रिक गवर्नर-2 अजय भार्गव ने बच्चों को पढ़ाई करने के प्रेरित किया। इस दौरान शोभिक गोयल, कपिल अग्रवाल, रंजीत गुप्ता, जयेश सिंघल, हर्षित अग्रवाल, शिवम गर्ग आदि मौजूद रहे। संचालन गौरव अग्रवाल, अनुराग अग्रवाल और मुदित अग्रवाल ने किया।

# बिना चिकित्सक की सलाह न लें कोई दवा




- आईएमए ने कफ सीरप की शंकाओं पर स्थिति की स्पष्ट
- कहा, डॉक्टर नहीं करता मरीज के स्वास्थ्य से समझौता

एनएनआई

**आगरा।** डॉक्टर अपने मरीज के स्वास्थ्य से कभी कोई समझौता नहीं करता। वह मरीज की जान बचाने के लिए हर कोशिश करता है। बाजार में बिकने वाली दवाएं मरीज की सेहत ही नहीं बिगाड रहीं बल्कि जान लेवा साबित हो रही हैं। कफ सीरप को लेकर फैल रही शंकाओं के बीच इंडियन मेडिकल एसोसिएशन ने मंगलवार को मीडिया के जरिए स्थिति को स्पष्ट किया।

आईएमए ने किसी भी प्रकार की असुरक्षित या गलत दवाओं के बाजार में बिकने की स्थिति पर गहरी चिंता व्यक्त की गई। एसोसिएशन ने शासन-प्रशासन से यह आग्रह किया कि इस प्रकार की नकली या घटिया दवाइयों को बेचने वालों पर सख्त से सख्त कार्यवाही की जाए। इंडियन मेडिकल एसोसिएशन ने जनता से अपील कि वह दवाओं के चयन और सेवन में सतर्कता बरतें और प्रमाणित चिकित्सकों से ही सलाह लें। पत्रकार वार्ता में इंडियन मेडिकल एसोसिएशन के डॉ. अनूप दीक्षित, डॉ. पंकज नगायच, डॉ. रजनीश मिश्रा, डॉ. हरेन्द्र गुप्ता और डॉ. संगीता चतुर्वेदी मौजूद रहीं।

## जनता से सावधानियां बरतने की अपील

- बिना प्रिस्क्रिप्शन कोई भी दवा न खरीदें और न बेचें।
- केवल क्वालीफाइड डॉक्टर या सरकारी अस्पताल से ही परामर्श लें और पर्चा बनवाएं।
- दवा खरीदते समय बिल अवश्य लें।
- नियमित रूप से डॉक्टर से परामर्श करते रहें।
- स्वस्थ जीवनशैली अपनाएं।
- डॉक्टर द्वारा दी गई पर्ची की समय-सीमा के अनुसार ही दवा का सेवन करें और समय पर पुनः चिकित्सक से संपर्क करें।

